श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 247, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 16

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 15

**मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा**

# संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।



राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

### बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

### पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।



### नीट मुद्दे को लेकर राहुल गांधी व धर्मेंद्र प्रधान आमने-सामने

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान नीट मुद्दे पर बोलने की अनुमति न दिए जाने का विरोध करते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्न काल की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी जगह पर खड़े होकर नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने को छोड़कर इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं। परीक्षाओं को लेकर क्या चल रहा है, उसे मंत्री महोदय समझ नहीं रहे हैं। नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी बहुत चिंतित हैं कि यह क्या हो रहा है। विद्यार्थी मान बैठे हैं कि देश में परीक्षा प्रणाली में धोखाधड़ी होती है। इस पर प्रधान ने कहा कि उन्हें ओडिशा के उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनकर यहां भेजा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्री बनाया है। उन्हें किसी से प्रमाण-पत्र नहीं चाहिये। इसके बाद गांधी सहित अन्य विपक्षी सदस्य कुछ कहना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी।

- **शिक्षा मंत्री बोले- कोर्ट में है मामला, जो निर्देश होगा हम उसे मानेंगे**

# बजट आज, जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा।



- सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

### आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है।

### अंग्रेजी में बजट पढ़ेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को लोकसभा में बजट भाषण 2024-25 अंग्रेजी में पढ़ेंगी। लेकिन संसद टीवी के दर्शकों के पास बजट भाषण को हिंदी में सुनने का विकल्प होगा।







# कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी**

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।



### सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



### व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

## एक नजर

### अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि पंचायतों के उप चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की गई है। अभी तक यह पद खाली चल रहा था।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### निपाह : संपर्क में आए 406 लोगों में संक्रमण का खतरा

**कोझिकोड।** दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 406 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं

# गिलास पर रखकर चलाया सुतली बम, चली गई जान

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- **भतीजे के जन्म होने पर मना रहा था खुशी, गिलास सीने में धंसा**

**अमृत विचार :** घर में भतीजे का जन्म होने पर एक युवक खुशी में पटाखे छुड़ा रहा था। इस दौरान सुतली बम के ऊपर रखा गिलास फटकर युवक के सीने में धंस गया जिससे युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुत्र के जन्म की खुशियां मातम में बदल गईं।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत केसरपुर कलां के मजरा बुधेली के रहने वाले मुरारी लाल के पुत्र सुनील की पत्नी ने सोमवार को बेटे को जन्म दिया। घर में खुशियां मनाई जा रही थीं। भतीजे का जन्म होने पर सुनील का छोटा भाई अमरपाल पटाखे दाग रहा था। सुतली बम में आग लगाने के बाद अमरपाल ने उसके ऊपर स्टील का गिलास रख दिया। कुछ देर इंतजार के बाद भी पटाखा नहीं फूटा तो अमरपाल उसे देखने के लिए गया। जैसे ही वह गिलास उठाने के लिए झुका कि सुतली बम फट गया। उसके ऊपर रखा गिलास अमरपाल के सीने में जा धंसा। गिलास के कई टुकड़े उसके शरीर में घुस गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने अमरपाल के सीने में घुसे ग्लास को प्लास से बमुश्किल निकला।

## विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

**लखनऊ।** विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।



# पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों को मार डाला

अंबाला, एजेंसी

- **वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश**

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

**मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा**

# जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल



हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

- **घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही**
- **मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले**

**अमृत विचारः** मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

**कवायद** | **प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग**

# मास्टर प्लान से होगा ग्राम पंचायतों का विकास

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।



- **पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित**

### रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारी

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

> पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।
>
> – **अटल कुमार राय**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### पांच वर्ष के लिए प्लान पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।

## एक नजर

### जमीन का बैनामा न करने पर दी धमकी

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी रिजवान अली ने कांट थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी जमीन कांट क्षेत्र में है। कस्बा कांट के वसीम की नीयत जमीन पर खराब हो गई। जवान शनिवार की सुबह दस बजे अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। आरोपी ने उसके मोबाइल पर फोन किया कि जमीन किसी और को बेची तो जान से मार डालेंगे। आरोपी ने फोन काट दिया। पीड़ित को जान का खतरा बना हुआ है।

### बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया

**शाहजहांपुर।** पुलिस प्रशासन ने शहर में बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया। पुलिस ने होटल, ढाबों, दुकानदारों, रेलवे स्टेशन तथा बस स्टेशन आदि को चेक किया। आम जनमानस को बच्चों के अवैध परिवहन एवं मानव तस्करी को रोकने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही टोल फ्री नंबर 102, 112, 108, 1090, 1098, 1076 के संबंध में जानकारी दी गई।

### धन्यौरा में दिखा मगरमच्छ

**निगोही।** क्षेत्र के गांव धन्यौरा में सोमवार सुबह मगरमच्छ दिखाई देने से लोग दहशत में आ गए। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। गांव पहुंची टीम ने मगरमच्छ को पकड़वाकर उसे कठिना नदी में छुड़वा दिया।

# सावन का पहला सोमवार: शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## मंदिरों में सुबह से देर शाम तक गूंजते रहे जयकारे, दर्शन के लिए कतार में घंटों खड़े रहे श्रद्धालु, किया जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महादेव की उपासना का प्रमुख माह श्रावण सोमवार से शुरू हो गया। पहले सोमवार को भोले बाबा की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सावन में सोमवार को व्रत और पूजन का विशेष महत्व है। इस बार सावन का महीना भी सोमवार से शुरू हुआ है। पहले दिन से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। सुबह से मंदिरों में घंटा घड़ियाल और जयकारे गूंजने लगे। ब्रह्म मुहूर्त से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं।

माना जाता है कि भोले बाबा को सोमवार अति प्रिय है। इसलिए इस दिन की महत्ता अलग होती है। श्रावण मास में सोमवार की महत्ता कई गुना बढ़ जाती है। इसी महत्ता को देखते हुए पहले सोमवार को बाबा के भक्तों में अधिक उल्लास और उत्साह दिखाई दिया। प्रमुख शिवालयों के अतिरिक्त गली-मोहल्लों के छोटे-छोटे मंदिरों में श्रद्धालु पूजा की थाली लिए कतार में खड़े नजर आए। ब्रह्म मुहूर्त से ही लोग हाथों में पूजा की थाली और जलाभिषेक के लिए कलश लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे। यह सिलसिला दोपहर बाद तक चला। प्रमुख मंदिरों टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, चौक स्थित बाबा चौकसीनाथ मंदिर, घंटाघर मार्ग स्थित बाबा बनखंडीनाथ मंदिर, रेती में भगवान मनोकरण मंदिर समेत अन्य शिवालयों और गली-मोहल्लों के मंदिरों में बाबा के भक्तों की खासी भीड़ देखी गई। भोले बाबा का अभिषेक करने को श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अपनी बारी आने पर महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने जलाभिषेक कर शिवलिंग पर मंत्रोच्चार के साथ बेलपत्र, पुष्प, भांग-धतूरा, चंदन, अक्षत, मिष्ठान अर्पित किया और आरती की। नगर निगम की ओर से मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर चूना भी डलवाया गया था। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिरों में सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहे, खासतौर पर महिला पुलिस तैनात रही।


शिव मंदिर के बाहर लगी श्रद्धालुओं की भीड़। • अमृत विचार


शहर के बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

• श्रद्धालुओं ने फल, फूल, बेलपत्र धतूरा चढ़ाकर की पूजा-अर्चना


बाबा बनखंडीनाथ मंदिर में पूजा करते लोग। • अमृत विचार


बाबा विश्वनाथ मंदिर में कतार में खड़े श्रद्धालु। • अमृत विचार


मंदिर के बाहर लगी दुकान पर पूजा की सामग्री खरीदते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### बेलपत्र और धतूरा की खूब रही मांग

सावन में शिवजी की पूजा के लिए बेलपत्र, पुष्प, भांग-धतूरा आदि की आवश्यकता होती है। इसलिए माली और ग्रामीण क्षेत्र के अन्य लोगों ने मंदिरों के आसपास और चौराहों दुकानें सजा रखी थीं। जहां बेलपत्र, पुष्प, भांग-धतूरा आदि की खरीददारी को लोगों की भीड़ रही। दुकानदार 11-11 बेलपत्र कुछ फूलों और भांग के साथ बेच रहे थे। धतूरा की कीमत अलग से ली जा रही थी।

# पुलिस-प्रशासन का कल पुतला दहन करेंगे किसान


धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते किसान। • अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के कार्यकर्ता समस्याओं के समाधान को लेकर कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मगर अभी तक किसी अधिकारी ने उनकी समस्याओं को नहीं सुना।

सोमवार को संगठन के तहसील अध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई। इसमें तय किया गया कि मंगलवार तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बुधवार को सभी कार्यकर्ता राजीव चौक पर तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन का पुतला दहन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में संजय मिश्रा, सोमवीर सिंह चौधरी, सुखदेव सिंह खिंडा, शिवकुमार, नरवेश, जबर सिंह, महेश चंद्र वर्मा, डॉ. संतोष आदि मौजूद रहे।

# कोलाघाट पुल पर वाहनों के संचालन को धरना प्रदर्शन शुरू

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** कोलाघाट पुल पर हल्के वाहनों का संचालन शुरू करने की मांग को लेकर कोलाघाट पुल संघर्ष मोर्चा ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। आन्दोलनकारियों ने मांगे पूरी न होने पर भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है।

कलान तहसील को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला कोलाघाट पुल का एक पिलर 29 नवम्बर 2021 को जमींदोज हो गया था। इससे पुल पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया था। लोगों को जिला मुख्यालय तक जाने के लिए 70 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है। कोलाघाट पुल की मरम्मत करने के जांच की गई। जांच में पुल आवागमन के लायक नहीं बताया गया। इस पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कोलाघाट पुल के नीचे धरना प्रदर्शन कर हल्के वाहनों के आवागमन की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने पुल को दो पहिया वाहनों के लिए खोल दिया था। पिछले साल जनप्रतिनिधियों ने कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों के आवागमन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। मगर प्रशासन ने लोड टेस्ट का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन स्थगित करा दिया गया था। एक साल बीत जाने के बाद भी लोड टेस्ट न होने से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को कोलाघाट पुल संघर्ष समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर ने बताया कि मंगलवार 23 जुलाई तक क्रमिक अनशन किया जाएगा। बुधवार से भूख हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। चौधरी विनोद यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए पुल का लोड टेस्ट कराकर हल्के वाहनों के लिए चालू करा देना चाहिए।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर, ओमपाल सिंह कुशवाहा, अनिरुद्ध यादव, रवीश पाल सिंह कुशवाहा, रामदास राठौर, सूरजपाल सिंह यादव, रामवीर सिंह सोमवंशी, मोहित शर्मा, तारा यादव, उदयवीर सिंह, रजनीश शास्त्री, मुकेश सिंह, विपिन, नरेन्द्र सिंह, वेदवीर निर्वेदी, सोनम अग्रवाल, शोभा गुप्ता आदि मौजूद रहे।


कोलाघाट पुल के पास धरना प्रदर्शन करते लोग। • अमृत विचार

• मांग पूरी न होने पर बुधवार से भूख हड़ताल का ऐलान

# भोलेश्वर नाथ धाम में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

**जमुका /शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज के साथ भारी तादाद में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। रोजा की आदर्श नगर कॉलोनी मालगोदाम रोड़ पर स्थित भोलेश्वर नाथ धाम में सुबह से ही भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला है। रोजा क्षेत्र के आसपास मठिया कॉलोनी, बल्लिया, व आदर्श नगर कॉलोनी के श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की वंदना की और बेलपत्र चढ़ाकर व जलाभिषेक करके मनौती मांगी।


मंदिर में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

# मां तिकोला देवी मंदिर में जात मेला समाप्त

**जलालाबाद, अमृत विचार :** मां तिकोला देवी मंदिर पर लगे जात मेले का सोमवार को समापन हो गया। जलालाबाद कस्बे से लगभग पांच किमी दूर गांव टिकोला है। जहां लगभग 30 फीट की ऊंचाई पर माता देवी का प्रसिद्ध मंदिर है, जो अपने गर्भ में ऐतिहासिक महत्व को संजोए हुए है। पुजारी नरेश ने बताया कि मंदिर में जो मूर्ति है वह महाभारत कालीन है। हजारों वर्ष पूर्व यह स्थान पूरी तरह जंगल था। यह राजा सुरथि की सीमा में था। जनश्रुति है कि जंगल में राजा सुरथ नामक वैश्य ने घोर तपस्या करके मां काली को प्रसन्न किया और देवी ने साक्षात उसे दर्शन दिए थे। एक अन्य कथा के अनुसार पांडवों ने अज्ञातवास में यहीं तपस्या की थी और उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उन्हें दर्शन दिए।

# सीएमओ को निरीक्षण के दौरान मिली गंदगी


निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी से जानकारी करते सीएमओ डॉ. आरके गौतम।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने सोमवार को तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जतायी। एक्स-रे टेक्नीशियन पुष्पा ने बताया कि मरीजों एक दिन में एक्स-रे करने के बाद उसी दिन रिपोर्ट तैयार कर ली जाती है। मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। फार्मासिस्ट संजीव ने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध है। साथ ही एआरवी एवं एसवी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने वायो मेडिकल वेस्ट का पालन करें। अस्पताल आने वाले किसी मरीज को असुविधा न हो। निरीक्षण के समय डॉ उमेंद्र पाठक, डा आलोक, डा अखिलेश आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की

**खुटार, अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को खुटार में गोला बाईपास रोड स्थित गुलराह नाथ, मैलानी रोड लगोंटी बाबा, तिकुनियां चौराहा स्थित त्रिलोकी नाथ, गोला रोड भुईहार बाबा, बगियानाथ, पश्चिमी गढ़ी में पंथवारी मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सावन के पहले सोमवार को इन मंदिरों में खासी भीड़ रही। सोमवार सुबह से शाम तक मंदिरों में भक्तों का आना जाना रहा। इसके अलावा नगर में तमाम मंदिरों में भी भीड़ रही। उधर, गांव सिल्हुआ में बावन गंगा के नाम से प्रसिद्ध शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना की गई और गंगाजल, दूध से भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, शमी, फूल आदि अर्पित किए।

# नई शिक्षा नीति लागू होने से केंद्रीय विद्यालयों में हुआ सुधार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• केंद्रीय विद्यालय-दो में शिक्षण सामग्री दिवस प्रदर्शनी लगी

**अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय-दो में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ पर साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किए गए। पहले दिन शिक्षण सामग्री दिवस (टीएलएम डे) के रूप में मनाया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने शिक्षण संबंधी उपयोगी टीएलएम बनाकर प्रदर्शनी लगाई।

शिक्षा सप्ताह का शुभारंभ प्रधानाचार्य परवेज हुसैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में काफी सुधार आया है। विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। टीएलएम प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक भी पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिक्षकों के प्रयासों की सराहना भी की। चार वर्गों में लगी प्रदर्शनी में सभी विषयों के शिक्षकों ने शिक्षण सहायक सामग्री का प्रदर्शित की। उप प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक मुनेंद्र पाल ने साप्ताहिक कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर मीना कनौजिया के संचालन में चले कार्यक्रम में दूसरी पाली के उप प्रधानाचार्य कन्हैया सिंह, विजय पाल, रश्मि सिद्धार्थ, मोहम्मद हाशिम, रूम सिंह यादव, जगदीश शरण, विश्वजीत सागर, दीपक शुक्ल आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।




# विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में बाढ़ से किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं। इन फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। गरीब मजदूरों के घर बाढ़ में ढह गए, उनको आवास दिलवाए जाएं। बजाज शुगर मिल मकसूदापुर पर किसानों का करोड़ो रुपये गन्ना भुगतान का बकाया है, जिसे जल्द से जल्द दिलवाया जाए। नगर पंचायत बंडा में बिलसंडा रोड पर लगी लाइटें खराब हो गई हैं, उन्हें ठीक कराया जाए। साथ ही जांच कराकर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाया जाए। किसानों ने कहा कि इस संबंध में कई बार ज्ञापन भी दे चुके हैं। ज्ञापन में की गई मांगों पर जल्द ध्यान देकर समाधान नहीं कराया गया तो भाकियू आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल, कुलदीप सिंह, बृजेश पांडेय, बाबूराम, प्रवीण कुमार, निरंकार सिंह, मुकेश पांडेय, वागेश पांडेय आदि मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

• छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने और बाढ़ में बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग

# जमुका दोराहे से ई-रिक्शा चोरी रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई के शाहाबाद के गांव जमालपुर निवासी राजीव कुमार ने रोजा थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका ई-रिक्शा मोहित कुमार निवासी गौरिया थाना शाहाबाद जिला हरदोई चलाता है। मोहित 11 जुलाई को ई-रिक्शा लेकर जमुका दोराहे पर गया था। जहां वह ई-रिक्शा खड़ा करके चाय पीने लगा। इसी बीच किसी ने उसका ई-रिक्शा गायब कर दिया। इसका पता लगने पर मोहित ई-रिक्शा तलाशता रहा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।












शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

ASHOKA FOAM
WOW SALE
UP TO 70%

Bed Linen
Rugs
Bath Linen
Louvers
Sofa Fabric
Curtains
Wallpapers
Wooden
PVC Flooring
106/8 Civil Lines, Opp. Mission Hospital Bareilly, Uttar Pradesh, India 243001
Tel: +91 9720031000 | www.shokafoam.com

## मां को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बीबीजई हद्दफ निवासी रेखा पाण्डेय होमगार्ड में हैं। रेखा ने बताया कि 16 जुलाई को बेटे आशुतोष ने शराब के नशे में उन्हें जूते से मारा पीटा। आशुतोष उन पर होमगार्ड की नौकरी छोड़ने को दबाव बना रहा है। नौकरी न छोड़ने पर जान से मारने की धमकी देता है। रेखा ने बताया कि 18 जुलाई को दिन में दो बजे उनकी आर्य महिला डिग्री कॉलेज तिराहे पर ड्यूटी पर थीं। आशुतोष वहां भी उन्हें मारने के लिए पहुंच गया। जहां से वह अपनी जान बचाकर भागीं। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आशुतोष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### छुट्टा पशुओं के सड़कों पर बैठने से रहता है हादसे का डर, डेढ़ साल में छुट्टा पशुओं से हो चुके हैं 50 से ज्यादा हादसे

# बारिश में पानी से भरे खेत-खलिहान, सड़कें बनी पशुओं का बसेरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बारिश का मौसम में चलने से खेत खलिहानों में पानी भरा है। इससे छुट्टा पशुओं ने सड़कों को अपना ठिकाना बना लिया है। छुट्टा पशुओं के सड़कों पर रहने से हादसे का खतरा बना रहता है। पिछले डेढ़ साल में छुट्टा पशुओं से 50 से ज्यादा हादसे हो चुके हैं। कुछ हादसों में तो लोगों की जान जा चुकी है।

शासन की ओर से विशेष गोवंश संरक्षण अभियान 5 से 20 जुलाई तक चलाने का निर्देश दिया था। मगर जनपद में नौ जुलाई को बाढ़ आ जाने के बाद कुछ गोशालाओं में जलभराव होने से दिक्कतें आ गईं। इस वजह से गोवंश संरक्षण ठीक से न हो पाने की बात सामने आ रही है। सड़कों पर घूमने वाले छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने को पशुपालन विभाग दोबारा प्लान बना रहा है। इस माह जनपद में छह वृहद गोशालाएं स्वीकृत हुई हैं, जबकि पांच अन्य गोशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। सात वृहद गोशालाएं संचालित हैं।


कांट क्षेत्र में सड़क किनारे बैठे छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

- विशेष गोवंश संरक्षण अभियान में बाढ़ बनी बाधक

बावजूद इसके छुट्टा पशु शहर से लेकर गांव तक नजर आ रहे हैं। गर्मी और ठंड के मौसम में छुट्टा पशु सड़कों के किनारे और खेतों में बैठे रहते हैं। मगर बारिश के दिनों जमीन के निचले हिस्सों और खेतों में पानी भरा रहता है। ऐसे में छुट्टा पशुओं के सामने सिर्फ सड़कें ही रहने का ठिकाना होती हैं। छुट्टा पशुओं के सड़कों पर रहने से यातायात तो प्रभावित होता ही है। आसपास से होकर गुजरने वालों को पशुओं के हमले का भी डर बना रहता है।

### दो सप्ताह में सड़क हादसों में चार छुट्टा पशुओं की मौत

खुटार। खुटार-पूरनपुर मार्ग पर सड़क हादसों में दो सप्ताह में चार छुट्टा पशुओं की जान चली गई है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे पूरनपुर रोड पर सूर्या अस्पताल के सामने किसी वाहन ने सड़क पार कर रही गाय को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। इसके बावजूद कोई मौके पर नहीं पहुंचा। लोग घायल गाय को उठाकर खुटार पशु अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान गाय ने दम तोड़ दिया। उधर, रविवार शाम करीब पांच बजे पूरनपुर रोड पर मुरादपुर चौराहा के पास अज्ञात वाहन ने सांड़ को टक्कर मार दी, जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई। करीब एक सप्ताह पहले मुरादपुर के समीप पेट्रोल टंकी के पास एक छुट्टा पशु को वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे पशु की जान चली गई थी। पशु चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया की गंभीर हालत में एक गाय को अस्पताल लाया गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसे दफना दिया गया है।

लावारिश पशुओं को संरक्षित करने के लिए विभाग लगा हुआ है। इस बार भी अभियान चलाया गया, लेकिन बाढ़ आ जाने की वजह से सही से चल नहीं पाया। इसको लेकर शासन को पत्र भी लिखा है।
**-डॉ. मनोज कुमार**, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

# महंगाई पर नियंत्रण और विकास को धार देने वाला हो बजट

### मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट से आमजन आशान्वित, लोग बोले: शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों पर ध्यान दे सरकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर हर आम ओ खास कई उम्मीदें लगाए बैठे हैं। लोग आशान्वित हैं कि इस बार का बजट तीखा और लोक लुभावना नहीं, बल्कि धरातल पर खरा उतरने वाला होगा। इसका कारण यह बताया गया है कि इस बार सरकार कुछ कमजोर पड़ रही है, इसलिए मनमानी नहीं कर पाएगी। विपक्ष भी हमलावर है, इसलिए तीसरे कार्यकाल का पहला बजट बहुत महत्वपूर्ण होगा, जो देश और सत्ता पक्ष दोनों की दिशा तय करेगा। खासतौर पर किसानों और छोटे-छोटे उद्योगों के लिए काफी आशाएं जगाने वाला होगा। इस संबंध में अमृत विचार ने लगभग हर तबके के लोगों से बात करने की कोशिश की। इस पर सभी ने महंगाई से छुटकारा दिलाने की बात कही। इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा को सस्ता करने की बात भी सामने आई। डॉक्टर, वकील, शिक्षक, गृहणी, उद्यमी आदि ने इस बजट को अति महत्वपूर्ण बताया है।


इस बार का बजट तीखा आने की उम्मीद कम है। माना जा रहा है कि किसान सरकार से नाराज हैं। इसलिए बजट में उनके लिए खास पैकेज आने की संभावना है। सरकार को चाहिए कि आयकर दाताओं को कुछ अतिरिक्त रिलीफ दे। क्योंकि कमाई का अच्छा खासा हिस्सा आयकर में ही निकला जा रहा है। साथ ही महंगाई भी नियंत्रित हो।
**- जसविंदर सिंह बजाज**, अधिवक्ता एवं व्यवसायी


बजट में खानपान और दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती करने पर विचार होना चाहिए। मध्यम और कमजोर वर्ग के साथ किसानों के बारे में भी सरकार सोचना पड़ेगा। चूंकि वकालत के पेशे से जुड़े अधिवक्ता पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करते हैं। इसलिए बजट में वकीलों के लिए भी आर्थिक लाभ वाली योजनाएं शामिल होना जरूरी हैं। इनकम टैक्स में भी छूट बढ़े।
**- फिरोज हसन खां**, वरिष्ठ अधिवक्ता


इस समय महंगाई चरम पर है, जिससे मध्यम वर्ग के परिवार बहुत परेशान हैं। दलहन-तिलहन के अलावा रसोई गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं। सरकार को बजट में ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग भी सम्मानजनक जीवन यापन कर सके। बेरोजगारी खत्म करने की दिशा में ठोस प्रयास होने चाहिए, जिससे युवाओं को राहत मिल सके।
**- अमिता मिश्रा**, गृहणी


महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। सरकार को महंगाई रोकने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग सुकून से परिवार का भरण-पोषण कर सके। रसोई गैस, दालें, चावल-आटा भी सस्ता होना चाहिए। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ और सस्ता करने पर विचार किया जाना चाहिए। यात्री किराए में महिलाओं को राहत जरूर मिले।
**- नुजहत अंजुम**, गृहणी


सरकार मेडिकल कालेज और अस्पताल खोलने पर बहुत जोर दे रही है, यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन उपचार के लिए प्रयोग में आने वाली दवाइयों में एकरूपता जरूर हो। दवाइयों के रेट फिक्स होने चाहिए। जब सरकार चिकित्सा क्षेत्र में क्वालिटी कंट्रोल कर सकती है, तो उसे दवाइयों के रेट कंट्रोल भी करने चाहिए। सस्ती और अच्छी चिकित्सा हर नागरिक का अधिकार है।
**- डॉ. विजय पाठक**, आईएमए अध्यक्ष


चिकित्सकों को पूरी सुरक्षा मिलनी चाहिए, तभी वह स्वस्थ मन से पीड़ितों का उपचार कर सकेंगे। चिकित्सा सस्ती और सर्वसुलभ हो इसके लिए दवाइयों को जीएसटी से मुक्त किया जाना जरूरी है। चिकित्सा पेशा सेवा कार्य से जुड़ा है, इसलिए अनावश्यक टैक्स न थोपे जाएं। जरूरी उपकरणों को एक्साइज डियूटी से मुक्त रखा जाए या एक्साइज डियूटी में छूट दी जाए।
**- डॉ. तरुण अग्रवाल**, फिजीशियन


उद्योगों को राहत मिलनी चाहिए। खासतौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए छोटे-छोटे उद्योगों और व्यवसाय के लिए कम से कम ब्याज पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराए, ताकि युवा अपना व्यवसाय बिना की चिंता के शुरू कर सके। उद्योगों को बिजली भी सस्ती उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
**- गुरजीत सिंह मोंगा**, अध्यक्ष आईआईए चैप्टर शाहजहांपुर


सरकार के बजट में शिक्षा और शिक्षक हित की बात होनी चाहिए। जब शिक्षा सस्ती होगी, तो साक्षरता दर बढ़ेगी। लोक लुभावन बजट के बजाय धरातल पर कामयाब होने वाला बजट होना चाहिए। शिक्षा के साथ चिकित्सा भी सस्ती होना जरूरी है। शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की ओर भी सरकार को देखना चाहिए, उनके मानदेय पर पुनर्विचार किया जाए।
**- विनोद कुमार**, परिषदीय शिक्षक


बजट से व्यापारी वर्ग को खास उम्मीद है। जीएसटी स्लैब कम हो ताकि आसमान छूती महंगाई पर अंकुश लगे। नगद लेनदेन की सीमा बढ़ाकर एक लाख की जाए। जीएसटी का सरलीकरण हो।
**- मोहम्मद सलाउद्दीन**, व्यापारी नेता

## झाड़-फूंक के चक्कर में चली गई बालक की जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जमीन पर सो रहे एक बालक को सर्प ने डंस लिया। परिवार वाले करीब पांच घंटे तक बालक की झाड़-फूंक कराते रहे, जिससे उसकी मौत हो गयी।

कांट थाना क्षेत्र के गांव उमराह निवासी रिषीपाल का 12 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह रविवार सुबह पांच बजे कमरे में जमीन पर सोया हुआ था। तभी उसके पैर में सर्प ने डंस लिया। उसके शोर मचाने पर परिवार वाले दौड़कर कमरे में गए। परिवार वालों ने सर्प को मारडाला। परिवार वाले बालक को लेकर मेडिकल कालेज आए। डॉक्टर ने देखने के बाद उसे भर्ती कर लिया। वह बेहोशी हालत में था। परिवार वाले दिन में दस बजे छुट्टी कराके झांड़ फूंक वाले के पास ले गए। तांत्रिक झाड़ फूंक करता रहा। दोपहर तीन बजे बालक की मौत हो गयी। रिषीपाल ने कांट थाना पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बालक छह भाइयों में चौथे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 07.9

## एक नजर

### नगदी व हजारों के जेवर चोरी, तहरीर दी

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव ददिउरा निवासी रामदेव दीक्षित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 17 जुलाई की रात में परिवार समेत सो रहा था। रात में चोर मकान में घुस आए और अलमारी का ताला तोड़कर नगदी जेवर चुरा लिए। वह सुबह उठे तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर छह हजार रुपये, सोने की चेन, अंगुठी, पायल तथा दो चांदी की बिछिया ले गए है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### महिला से अश्लील हरकतें करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 18 जुलाई की रात नौ बजे वह घर में अकेले थी। आरोप है कि हर्षित, पवन आदि उसके मकान में घुस आए और गाली देते हुए अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गए। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपी हर्षित, पवन, पंकज के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## मामूली बात पर दुकानदार ने ग्राहक को लात घूंसे से पीटा

संवाददाता, खुटार

- पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी

**अमृत विचार :** हेयर कटिंग की दुकान पर शेविंग को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद दुकानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राहक की पिटाई कर दी। पीड़ित की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला रायटोला निवासी मुनीश कुमार ने पुलिस को बताया कि रविवार 21 जुलाई की रात करीब नौ बजे वह बंडा चौराहे के पास गोला रोड स्थित हेयर कटिंग की दुकान पर शेविंग कराने गया था। उस वक्त दुकान पर काफी भीड़ थी, जिससे वह दुकानदार को बताकर वहीं बैठ गया। इस बीच दूसरा ग्राहक आ गया। आरोप है कि दुकानदार बाद में आए ग्राहक की शेविंग पहले करने लगा। मुनीश कुमार ने एतराज जताया तो दुकानदार उलझने लगा। इस पर वह दूसरी दुकान पर शेविंग कराने चला गया। इससे दुकानदार रंजिश मान गया। कुछ देर बाद वह अपने साथ कई लोगों को लेकर आया और मुनीश को दुकान के अंदर से खींच लिया। उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उसकी बीच चौराहे पर लात घूसों से पिटाई कर दी, जिससे वह बेहोश होकर वहीं गिर गया। तभी हमलावर वहां से चले गए। यह घटना बंडा चौराहा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## पंचायत के रिक्त पदों पर उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू

**जैतीपुर, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रिक्त हुए पदों को लेकर उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों के रिक्त प्रधान व सदस्य ग्राम पंचायत के पद के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। ग्राम पंचायत गोगेपुर में प्रधान पद के लिए 6 व मरेना में 3 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। वहीं नदैया रामपुर, जौरा पट्टी अंचल सदस्य पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ब्लॉक परिसर में पुलिस बल तैनात रहा। उधर, उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। कड़ी सुरक्षा में मतदान किया जाएगा।

## हरनाई के पूर्व प्रधान की पत्नी और बेटे ने कराया नामांकन

संवाददाता, खुटार

- पंचायत उपचुनाव के लिए दाखिल किए गए पर्चे
- ग्राम पंचायत सिल्हुआ में रिक्त दो वार्ड सदस्य पदों पर हुआ नामांकन

**अमृत विचार :** पंचायत उपचुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। हरनाई में प्रधान पद के लिए पूर्व प्रधान की पत्नी और बेटे ने अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं ग्राम पंचायत सिल्हुआ में रिक्त चल रहे दो वार्ड सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किए गए। सदस्य पद के लिए एकल नामांकन दाखिल किए गए। इसलिए इन पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। वहीं प्रधान पद पर निर्विरोध निर्वाचन की संभावना जताई जा रही है।


आरओ डॉ. राजेन्द्र कुमार को नामांकन पत्र सौंपती प्रधान पद की दावेदार सरला देवी।

ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत उपचुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि घोषित की गई थी। जिसमें ग्राम पंचायत हरनाई से प्रधान पद के लिए सरला देवी पत्नी होतेलाल व शोभित पुत्र होतेलाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत सिल्हुआ में सदस्य पद के दो वार्ड रिक्त चल रहे थे। जिसमें वार्ड संख्या नौ से शकुंतला देवी ने और वार्ड संख्या सात से छैल बिहारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

बताते चलें कि ग्राम पंचायत हरनाई के प्रधान होतेलाल की 17 अक्टूबर 2023 में सड़क हादसे में मौत हो गई थी, तब से प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। जिस पर उनकी पत्नी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया व उनके पुत्र ने भी एक सेट दाखिल किया। नामांकन वापसी 24 जुलाई को है और मतदान के लिए छह अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है। आरओ डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हरनाई ग्राम पंचायत प्रधान पद का लगभग निर्विरोध होना तय माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि मां बेटे ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा अन्य कोई प्रधान पद का नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। वार्ड सदस्य पद पर भी एकल नामांकन दाखिल हुए हैं। इस दौरान पुलिस मौजूद रही।

**समाधान दिवस** | डीएम बोले- शिकायतों का समय बद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी, लेखपाल पर लगा रिश्वत मांगने का आरोप, जांच का आदेश

# अधिशासी अभियंता हाइडिल का जवाब तलब, जेई को चेतावनी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने तिलहर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करें। इस दौरान लोगों ने तिलहर के अधिशासी अभियंता और जेई के खिलाफ शिकायत की। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही अधिशासी अभियंता हाइडिल का जवाब तलब करने और जेई को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में एक लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा, जिस पर डीएम ने जांच का आदेश दिया। समाधान दिवस में 48 शिकायतें आईं, जिनमें से नौ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को समझकर गंभीरता से निस्तारण करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं को कोई समस्या न हो। जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाए। कोटे की दुकानों पर समय से राधन वितरण हो। डीएम ने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करें। जिन शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार नहीं किया जा सकता है। उस संबंध में शिकायतकर्ता को लिखित में सूचित करें ताकि वे दोबारा शिकायत न करें। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे ग्राम बिलारी निवासी प्रकाश बाबू गंगवार ने बताया कि लेखपाल ने कंप्यूटर में खतौनी फीडिंग करने के लिए रिश्वत मांगी है। जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए संबंधित लेखपाल के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने तहसील परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने को कहा। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, सीएमओ डा. आरके गौतम, एसडीएम तिलहर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी।


शिव मंदिर में पूजा करते एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय। ● अमृत विचार

### मिर्जापुर में आए 27 प्रार्थना पत्र, निस्तारण के निर्देश

मिर्जापुर। एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमे 13 राजस्व, 8 पुलिस, 4 विकास, 1 नगर पंचायत, 1 जल निगम की शिकायत शामिल रही। एसडीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से करने के निर्देश दिए।

### पुवायां : 28 में से तीन शिकायतों का निस्तारण

पुवायां। यहां संपूर्ण समाधान दिवस में 28 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सोमवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक चेतराम, एसडीएम संजय पांडेय, सीओ पंकज पंत ने शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में 28 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से छह पुलिस विभाग की, 10 शिकायत राजस्व विभाग की, पांच शिकायत विकास विभाग से संबंधित, एक शिकायत समाज कल्याण विभाग की और सात अन्य मामलों की शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से राजस्व विभाग के तीन शिकायतों का एसडीएम संजय पांडेय ने तत्काल मौके पर ही निस्तारण करा दिया।

### एडीएम ने पालिका का निरीक्षण कर मंदिर में की पूजा

जलालाबाद। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस समाप्त होने के बाद एडीएम संजीव कुमार पांडेय ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका के दस्तावेज देखे और ईओ एचएन उपाध्याय को जन्म प्रमाण पत्र के रजिस्टर को विधिवत मेंटेन करने को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने नगर के प्राचीन शिव मंदिर जाकर वहां की व्यवस्थाएं देखी। इसके बाद एडीएम मंदिर गए और जलाभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिर के पुरोहित की ओर से विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार, तहसीलदार पैगाम हैदर, नायब तहसीलदार रोहित कुमार, सतेंद्र कटियार, कोतवाल हरपाल सिंह बलियान आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे के लिए एक सप्ताह करें इंतजार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बाढ़ का पानी घुसने से खराब हो गईं अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी निकलने के बाद ओपीडी, ट्रामा सेंटर तथा मरीजों की भर्ती शुरु हो गयी है। मगर अल्ट्रासाउंड तथा एक्स-रे नहीं हो रहे है। बाढ़ का पानी घुसने से मशीनें खराब हो गयी थीं। लखनऊ से आए इंजीनियर मशीनों को ठीक करने प्रयास कर रहे है।

विगत दिनों गर्रा नदी में बाढ़ आ जाने से बाढ़ का पानी मेडिकल कालेज में आ गया था। मेडिकल कालेज के अंदर करीब चार फुट पानी भर गया था। इस दौरान मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया था। डाक्टर तथा स्टाफ ने अपने सरकारी आवास खाली कर दिए थे। मेडिकल कालेज में कई दिन तक स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही थी। जब बाढ़ का पानी निकल गया तो तीन दिन तक धुलाई करने में समय लग गया था। मरीजों की दिक्कत को देखते हुए सबसे पहले ओपीडी चालू की गयी थी। उसके बाद ट्रामा सेंटर तथा मरीजों को भर्ती करना शुरू किया गया था। मेडिकल कालेज में अल्ट्रासाउंड तथा तीन बड़ी तथा सात छोटी एक्स-रे मशीनें लगी हुई है। इन मशीनों में बाढ़ का पानी घुस जाने से मशीनें खराब हो गयी थी। मरीजों के एक्स-रे नहीं हो पा रहे है और बाहर से एक्स-रे कराने पड़ कर रहे है। एक छोटी मशीन चल रही है। सिर्फ भर्ती मरीजों के एक्स-रे हो रहे है। लखनऊ से कंपनी के इंजीनियर सोमवार को मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने सभी मशीनों को खोलकर देखा तो मशीनों में पानी की नमी थी। मरीजों को एक्स-रे के लिए अभी एक सप्ताह और इंतजार करना पड़ेगा। अल्ट्रासाउंड तथा एक्स-रे कक्ष में सन्नाटा पसरा हुआ है।

अल्ट्रासाउंड तथा एक्स-रे मशीनों में पानी भर जाने से खराब हो गयी थी। मशीनों को रिपेयरिंग करने का काम किया जा रहा है। एक हफ्ते के अंदर मशीनें चालू हो जाएगी।
**- डॉ. राजेश कुमार**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| 35.5° | 28.3° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.28 | सूर्यास्त 07.05 |

# कलान में 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप, उमस भरी गर्मी में लोग परेशान

## रविवार शाम को गुल हुई बिजली सोमवार देर शाम तक नहीं आई, जर्जर लाइनें नहीं झेल पा रहीं ओवरलोड, फाल्ट ठीक करने में जुटे कर्मचारी

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** जर्जर हो चुकी बिजली की लाइनें ओवरलोडिंग नहीं झेल पा रही हैं। इस कारण आए दिन तार टूटते रहते हैं, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। बंच केबिल में फाल्ट आने से रविवार पूरी रात बिजली नहीं आई। सोमवार को भी शाम सात बजे तक फाल्ट ठीक नहीं हो सका। इससे पहले शनिवार को 24 घंटे में चार बार फाल्ट हुआ। गर्मी में बिजली न आने से उपभोक्ता परेशान हैं। मगर अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।

कलान कस्बे में बंच केबल दो वर्ष पहले डाली गई थी, जो जर्जर हो चुकी है। जर्जर होने की वजह से आए दिन टूट जाती है। इससे विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। परौर रोड पर तो बंच केबल का सबसे बुरा हाल है। नगर पंचायत अध्यक्ष हरि नारायण गुप्ता के आवास के पास केबल कई जगह टूटी हुई है, जिसे जोड़-गांठ करके काम चलाया जा रहा है। यहां केबल में लकड़ी आदि बांध रखी है। इसके अलावा स्टेट हाईवे पर जर्जर केबल आए दिन टूटकर गिर जाती है, जिससे हादसा होने का डर बना रहता है। बिजली आपूर्ति भी प्रभावित होती है।



कलान में नीचे तक झूलते बिजली तार। ● अमृत विचार

कस्बे में इन दिनों बिजली व्यवस्था का हाल बेहद खराब है। हाईटेंशन लाइन बदायूं के उसावां से आती है, जो जर्जर हालत में है। उसके तार अक्सर टूट कर गिर जाते हैं, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। शनिवार को तो इस लाइन ने साथ ही देना छोड़ दिया। दिन में कई बार फाल्ट हुआ। 24 घंटे में चार बार परौर रोड पर केबल टूटा, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। शनिवार को दिन में भी बिजली कटौती और फाल्ट से लोगों का बुरा हाल रहा। शाम छह बजे से बिजली गायब थी।

फाल्ट सही होने पर लगा कि बिजली नहीं जाएगी। मगर रात में करीब 12 बजे फिर केबल का तार टूट गया, जिसे सही करने के लिए कर्मचारियों की टीम पहुंची। रात में करीब 1:30 बजे बिजली मिली। मगर बिजली आने के साथ ट्रिपिंग शुरू हो गई। गौरतलब यह है कि रविवार तड़के पांच बजे फिर तार टूट गया। जैसे-तैसे तार सही हो पाया तो बंच केबल में फाल्ट आने से रविवार पूरी रात बिजली गुल रही। सोमवार को शाम सात बजे तक फाल्ट सही नहीं हो सका।



इस समय गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है। इसलिए बिजली की जरूरत रहती है, लेकिन बिजली सही रूप से नहीं मिल पा रही है। अघोषित कटौती और तार टूटने की वजह से आए दिन बिजली गायब हो जाती है। –गौरव गुप्ता



कस्बे में जो लाइन है, वह अत्यंत खराब है। पुराने टूटे तार हैं, उनके सहारे सप्लाई देने का काम बिजली विभाग कर रहा है, जिससे तार टूट जाते हैं और बिजली चली जाती है। –प्रभाकर गुप्ता



बिजली कटौती व तार टूटने से कस्बे की विद्युत समस्या विकराल हो गई है। उपभोक्ताओं को गर्मी में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह है। – सुरजीत ठाकुर



जनप्रतिनिधि, अधिकारी विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने में कतई गंभीर नहीं हैं। अधिकारियों की लापरवाही से उपभोक्ता बहुत ज्यादा परेशान हैं। –संतोष सिंह

"फाल्ट सही करने के लिए टीम लगी हुई है। जल्द व्यवस्था सही हो जाएगी, जो केबल खराब है, उसे बदलवाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।
– **राम सुरेश**, अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र, कलान

### बिजली कटौती और ट्रिपिंग से नहीं मिल रही निजात

**शाहजहांपुर।** उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। रविवार रात शहर के कई मोहल्लों में बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान रहे। कुछ मोहल्लों में चार से साढ़े चार घंटे तक बिजली गुल रही। अब्दुल्लागंज बिजली उपकेंद्र से जुड़े मोहल्ला मतानी, बक्सरिया, अब्दुल्लागंज में रविवार रात करीब आठ बजे बिजली गुल हो गई। इससे उपभोक्ता परेशान हो उठे। करीब दो घंटे बाद 10 बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई, तब लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन 15 मिनट बाद मोहल्ला मतानी में नीचे तक झूल रहे जर्जर तारों में स्पार्किंग शुरू हो गई, धीरे-धीरे सुलग रहे तारों में 10 :15 मिनट बाद तेज स्पार्किंग हुई और फिर बिजली गुल हो गई। पूरे मोहल्ले में अंधेरा छा गया और उमस भरी गर्मी में परेशान लोग घरों के बाद गली में आ गए और मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से करते हुए लाइन दुरूस्त कर सप्लाई चालू कराए जाने की मांग की। काफी देर बाद बिजली विभाग की टीम मोहल्ले में पहुंची और फाल्ट की तलाश शुरू की लेकिन फल्ट नहीं मिल पाया। तड़के करीब तीन बजे लाइन दुरूस्त होने पर बिजली आपूर्ति बहाल हुई। 15 मिनट बाद फिर चली गई। इसके 10 मिनट बाद फिर आ गई लेकिन सोमवार को पूरा दिन ट्रिपिंग होती रही। यही हाल बहादुरगंज, तारीन बहादुरगंज, कटियाटोला और खिरनीबाग में भी रहा।

### उपभोक्ताओं ने जेई को घेरा, सुनाईं खरी खोटी

**कलान।** बीते कई दिनो से बिजली न मिलने से नाराज कस्बे के लोगों ने सोमवार शाम जेई का घेराव कर लिया और उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। लोगों का गुस्सा देखकर जेई के हाथ पांव फूल गए। शुक्रवार से बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है, एक घंटे भी बिजली नही मिल पा रही है। रविवार शाम से बिजली गुल चल रही है। भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। परौर रोड की केबिल बार बार टूट रही। अवर अभियंता राम सुरेश पहुंचे, तभी गुस्साए लोगों ने जेई का घेराव कर लिया और जमकर खरी खोटी सुनाई। लोगों के तेवर देखकर जेई के हाथ पांव फूल गए। उन्होंने बमुश्किल लोगों को शांत किया।

## एक नजर

### गोविंदगंज फाटक पर ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर :** गोविंदगंज क्रासिंग के निकट रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। सदर बाजार थाना क्षेत्र में गोविंदगंज रेलवे क्रासिंग के निकट सोमवार की सुबह दस बजे एक महिला रेलवे लाइन पार कर रही थी। तभी बरेली की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से महिला मौत हो गयी। लोगों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद जीआरपी तथा आरपीएफ मौके पर पहुंची। मगर घटना स्थल सदर बाजार थाना क्षेत्र का था। इस पर प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे । उन्होंने महिला का शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। देर शाम तक महिला की पहचान नहीं हो सके। महिला की उम्र 45 साल होगी।

### महिला का मोबाइल व दो हजार रुपये चोरी

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाईडिल कॉलोनी निवासी पूजा सिंह ने बताया कि 16 जुलाई को अपराह्न तीन बजे वह बाजार से अपने घर लौट रही थीं। फौजी ढाबे के निकट ओसीएफ रोड पर अपना सामान व मोबाइल रखकर पीर बाबा की मजार पर चली गयी। तभी एक व्यक्ति उनका मोबाइल फोन उठाकर भाग गया। फोन के कवर में दो हजार रुपये थे। पूजा ने देख लेने पर आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह नाला कूदकर भाग गया।

### प्रधान के पति और बेटों पर मारपीट का आरोप

**रौसर कोठी।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौढेरा निवासी ललित वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि एक प्रधान के पति से उसके मित्र का पैसों को लेकर विवाद है। हालांकि उसका प्रधान पति से कोई विवाद नहीं है। फिर भी उस पर पैसे दिलाने का दबाव डालकर परेशान किया जाता है। 15 जुलाई को प्रधान पति, उसके पुत्र और साथियों ने मिलकर उसे गांव में ही मारापीटा। कुछ आरोपियों के हाथों में दौरान नाजायज असलहे भी थे।

# उमस भरी गर्मी से एक छात्र और शिक्षक बेहोश

- शिक्षक नेताओं ने की डीएम और बीएसए से स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उमस भरी गर्मी का असर परिषदीय स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों पर दिखाई देने लगा है। सोमवार को गर्मी की वजह से एक छात्र और शिक्षक अचानक बेहोश हो गए। इस पर शिक्षक नेताओं ने स्कूल के समय में परिवर्तन किए जाने तथा बिजली व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है।

विकास खंड भावलखेड़ा स्थित प्राथमिक स्कूल नई बस्ती के प्रधान अध्यापक राज कुमार तिवारी ने बताया कि इन दिनों स्कूल का समय सुबह 8 अपरान्ह दो बजे तक का है। इस अवधि में उमस भरी भीषण गर्मी और फिर बिजली न आने के कारण बच्चे और अध्यापक बीमार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनके स्कूल का कक्षा पांच का छात्र प्रियांशु दोपहर एक बजे के करीब अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसको विद्यालय के शिक्षकों ने पेड़ की छाया में लिटाक ग्लूकोज पिलाया। इससे कुछ देर बाद होश आ गया। इसी प्रकार विकास खंड कांट के प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा के इंचार्ज प्रधान अध्यापक अमीनुद्दीन की गर्मी में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें साथी शिक्षकों ने मेज पर लिटाकर पंखे से हवा की और पानी के छीटें मारकर होश दिलाया गया।



बीएसए दिव्या गुप्ता को ज्ञापन देता संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार



कांट के स्कूल में बेहोश हुए शिक्षक।



प्राथमिक स्कूल नई बस्ती में गर्मी से बेहोश हुआ छात्र।

इधर, शिक्षक संगठनों ने स्कूल समय में परिवर्तन किए जाने की मांग की है। शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए दिव्या गुप्ता से मिलकर गर्मी और उमस से बीमार पड़ रहें बच्चों और शिक्षक हित को देखते हुए स्कूल समय बदलने की मांग की। तिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ॠषिकांत पांडेय और जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल ने बीएसए से स्कूल का समय सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक करने का आग्रह किया है। राजकमल आर्य, राकेश वर्मा, अजय वर्मा, अमर सिंह, विनीत गंगवार, रत्नाकर दीक्षित, यदुवीर सिंह यादव रहे।

## रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**खुटार, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर रोजगार सेवकों ने तीन दिन से कार्य का बहिष्कार करने के मामले में सोमवार को प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा गया कि 16 और 20 जुलाई वेतन की धनराशि शासन स्तर से भेजी गई थी। आदेश में रोजगार सेवकों का बकाया वेतन, ईपीएफ देने का जिक्र किया गया था। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। इस मामले में ब्लॉक के अधिकारी शासनादेश की अवहेलना कर रहे हैं। रोजगार सेवकों का कहना है कि वेतन नहीं मिल पाने से परिवार का पालन पोषण करने में समस्या आ रही है। सोमवार को तमाम रोजगार सेवक ब्लॉक परिसर में एकत्र हुए। जहां धरना प्रदर्शन कर वेतन दिलाने की मांग की। साथ ही एसडीओ आईएसबी को ज्ञापन दिया है। इस मौके पर रोजगार सेवक सतीश चंद्र वर्मा, जलज पांडेय, अहिवरन लाल, अली मोहम्मद, जितेंद्र कुमार रहे।

## सार-संक्षेप

### दीप महायज्ञ से जगमगाई गायत्री शक्ति पीठ



**शाहजहांपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में रविवार देर शाम बाल संस्कारशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। इस अवसर पर दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी व व्यस्थापक राजाराम मौर्य, जयसिंह यादव ने सपत्नीक पूजन के बाद पहला दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य ट्रस्टी राजाराम मौर्य और सूरज वर्मा ने गुरु महिमा पर प्रकाश डाला। गायत्री परिजनों व युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने आकर्षक रंगोली बनाकर दीपों से सजावट की। मंजू, गीता, सविता, सूरज वर्मा आदि ने मंत्रोच्चार के साथ गुरु पूजन किया। मंजू, गीता, सविता ने गीत प्रस्तुत किए। श्रुति ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। इसी क्रम में बाल संस्कारशाला की संयुक्त टीम में शामिल रौनक, अपूर्वा, आरोही, नैना, शिवांशी, तनु,आराध्या, तृषा, श्रद्धा, इशिका, समीक्षा, पीहू, मान्या, उन्नति आदि ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कौशलेंद्र मिश्र ने गुरु महिमा पर आधारित सुनाया। प्रतिभागी बच्चों को शक्तिपीठ की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ, महिला मंडल आदि के साथ बड़ी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद रहे।

### शौच के लिए गया युवक लापता

**निगोही,अमृत विचार :** कैमुआ नाला के पास शौच करने गया युवक लापता हो गया। उसकी एक चप्पल नाले में पानी पर उतराती मिली। ईशापुर गांव निवासी 25 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र गंगू सिंह सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गांव के पास होकर निकले कैमुआ नाले के पास शौच करने गया था। लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटा, तब परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू की। कैमुआ नाला के करीब पहुंचने पर परिजनों को उसकी एक चप्पल पानी में उतराती हुई दिखाई दी और दूसरी चप्पल नाला के करीब पड़ी थी। सूचना पर पुलिस भी गांव पहुंच गई और उसकी तलाश शुरू कराई। पिता गंगू सिंह ने बताया कि नाला में कुछ दिनों से मगरमच्छ देखा जा रहा है, जो कई कुत्तों को निवाला बना चुका है, उसके डर है कि कहीं उसके बेटे को मगरमच्छ ने तो नहीं निगल लिया है।

### बदमाशों के चेहरे साफ न दिखने से पुलिस उलझी

शाहजहांपुर : शहर में मुर्गीदाना व्यापारी के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस की उलझन बढ़ गयी है। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी व्यापारी मोहम्मद लईक अहमद के मकान में दो दिन पहले पांच नकाबपोश बदमाश घुस गए थे। बदमाशों ने व्यापारी, उसकी पत्नी तीन बेटियों तथा एक बेटे को कमरे में कर लिया था। बदमाशों ने उसके सात साल के बेटे सलमान पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी थी। बदमाश अलमारी के लाकर से एक लाख 70 हजार रुपये तथा करीब आठ लाख रुपये के जेवर लूटकर ले गए थे। बदमाश दो मोबाइल तथा कार की चाबी मकान से कुछ दूरी पर छोड़ गए थे। व्यापारी के भाई का घर कुछ दूरी पर है और कैमरा लगा है। बदमाशों की उम्र 30 से 35 साल के बीच होगी। पुलिस ने दो कैमरों को चेक किया। चार युवक कैमरे बड़ी तेजी से जाते हुए दिखाई दिए है। व्यापारी ने कपड़ों से बदमाशों को पहचाना है। फुटेज में बदमाशों के चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे है। इस लिए पुलिस के उलझन बढ़ गयी है। पुलिस टीमें गैर जनपद गई थी, जो वापस लौट आई है। निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि बदमाशों की तलाश में टीमें जुटी हुई है और घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

### महिला ने यूकेलिप्टस के पौधे लगाए, पड़ोसी ने उखाड़ फेंके

**जलालाबाद।** शासन-प्रशासन लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मगर जलालाबाद की एक महिला ने अपने खेत की मेढ़ पर लगाए यूके लिप्टस के पेड़ लगाए, जिन्हें पड़ोसी ने उखाड़कर फेंक दिया। गांव नगरिया बुजुर्ग निवासी विधवा मालती ने पुलिस को बताया कि उसने दो दिन पहले अपने खेत की मेढ़ किनारे यूकेलिप्टस के 30 पौधे लगाए थे। इससे उसका पड़ोसी रंजिश मानने लगा। रविवार तड़के उसने मालती ने लगाए यूकेलिप्टिस के 30 पौधे उखाड़कर फेंक दिए। इसका पता लगने पर उसने शिकायत की तो पड़ोसी मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद मालती ने थाने जाकर पड़ोसी के खिलाफ तहरीर दी।

### महिला को जमकर पीटा, बेहोश होने पर नाले में फेंका

जलालाबाद। युवक ने मारपीट कर महिला को नाले में डाल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को नाले से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। ग्राम पंचायत गुनारा में युवक ने एक महिला से रविवार को मारपीट की और उसे नाले में डाल दिया। उसने महिला को इतना पीटा कि वह बेदम हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक महिला को नाले में डालकर भाग गया। ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों को सूचना दी। मीडिया कर्मियों से कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से निकालकर एंबुलेंस में महिला को समुदाय के स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां इलाज के बाद महिला की हालत में सुधार है। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### महिला का शव कमरे में दुपट्टे से लटका मिला

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी 26 वर्षीय मधु प्रजापति पत्नी शैलेंद्र प्रजापति का शव सोमवार की शाम पांच बजे कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। ससुराल वालों ने दरवाजा खटखटाया तो नहीं खुला तो खिड़की से देखा कि उसका शव दुपट्टे से लटका हुआ है। शैलेंद्र दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा तो वह मर चुकी थी। इधर सूचना मिलने पर मृतका का भाई सर्वेश कुमार प्रजापति अपनी बहन की ससुराल शाम सात बजे पहुंचा। उन्होंने चौक कोतवाली को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर मौके पर पहुंचे और जानकारी की। मृतका के भाई ने बताया कि तीन साल पहले उसने बहन मधु की शादी शैलेंद्र के साथ की थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज की मांग कर रहे थे। उसका आरोप है कि उसकी बहन को ससुराल वालों ने मारकर लटका दिया है।

# बंडा ब्लॉक में कर्मचारी ने प्रधान पति को जमकर पीटा

- विरोध में क्षेत्र के प्रधान हुए लामबंद, दो घंटे तक चली पंचायत
- पुलिस ने बिना कार्रवाई मामला अगले दिन को टाला
- पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी

संवाददाता, बंडा/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बंडा ब्लॉक परिसर में प्रधान पति की जमकर पिटाई की गई। आरोप है कि कमीशन दिए जाने से मना करने पर एक ब्लॉक कर्मी ने अपने दबंग साथियों के सहयोग से मारपीट की। मारपीट होने से ब्लॉक परिसर में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर प्रधान पति के समर्थन में दर्जनों ग्राम प्रधान लामबंद हो गए। करीब दो घंटे तक पंचायत चली। पुलिस बिना कार्रवाई के मामला अगले दिन के लिए टाल दिया गया।

बंडा ब्लॉक परिसर में कमीशन का खेल रुकने नहीं रहा है। कई बार प्रधान अलग-अलग समय पर ब्लॉक कर्मियों पर कमीशन लेने का आरोप लगाते रहे हैं। इसी के चलते सोमवार को कमीशन न दिए जाने से क्षुब्ध ब्लॉक के एक कर्मचारी ने प्रधान पति की पिटाई कर दी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़िगवां निवासी रजनीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी ग्राम पंचायत में प्रधान है। सोमवार को किसी आवश्यक कार्य से वह दोपहर 3 बजे के करीब ब्लॉक परिसर में पहुंचा। जहां पर तैनात एक लेखा सहायक ने कमीशन मांगा, एतराज जताने पर गाली गलौज करने लगा। जब आपत्ति जताई गई तो उसने फोन कर अपने दबंग साथियों को बुला लिया, जिनके सहयोग से शिकायतकर्ता को जमकर पीटा गया। सरेआम पिटाई से ब्लॉक परिसर में भगदड़ मच गई। बाद में मामला थाने पहुंचा तो जानकारी पाकर दर्जनों ग्राम प्रधान थाने पहुंच गए। जहां पर पुलिस की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कहकर टाल दिया गया। घटना को लेकर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों में ब्लॉक कर्मियों के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में जानकारी लेने पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है। जबकि खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार ने मामले की जांच कराए जाने की बात कही है।



बंडा थाने पहुंचे प्रधान पति के समर्थक व अन्य लोग। ● अमृत विचार

# प्रेमी के साथ मिलकर पति को पीटा

- मक्का के खेत में प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में मिली थी महिला

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** पति ने मक्के के खेत में पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इस पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर। जिस पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी को हिरासत में ले लिया। फिर महिला प्रेमी के विरोध में उतर आई। आरोप लगाया कि दबंगई के बल पर उसे आए दिन इसी तरह से पकड़ लेता था। बाद में पुलिस ने उसे हिदायत देकर छोड़ दिया।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह परिवार का पालन पोषण करने के लिए हल्द्वानी की एक फैक्ट्री में काम करता है। पत्नी और बच्चे गांव में रहते हैं।इन दिनों वह छुट्टी पर घर आया हुआ है। रविवार शाम उसकी पत्नी अचानक गायब हो गई। वह तलाश करते हुए मक्का के खेत में पहुंचा तो वहां वह पड़ोसी युवक के साथ आपत्तिजनक हालत में थी। दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख उसने विरोध जताया तो पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे उसके शरीर में कई स्थानों पर गुम चोटें आईं। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पीड़ित ने कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान को बताया कि वह हल्द्वानी में एक फैक्ट्री में काम करता है, उसके बच्चे गांव में ही रहते हैं। उसकी पत्नी को गांव का ही एक दबंग जबरन अपनी हवस का शिकार बनाता रहता है। इस पर पुलिस ने महिला के प्रेमी को हिरासत में ले लिया। प्रेमी के पकड़े जाने पर महिला के सिर भी इश्क का नशा उतर गया और उसने भी आरोप लगाया कि पड़ोसी युवक उसे दबंगई के बल पर आए दिन पकड़ लेता है। वहीं पुलिस ने महिला के पति का मेडिकल कराया और महिला के प्रेमी को हिदायत देकर छोड़ दिया। पीड़ित पति को आश्वस्त किया कि यदि दोबारा परेशान करते तो आरोपी को जेल भेज देंगे।

## पुलिस चौकी के सामने फायरिंग से मची भगदड़

**तिलहर, अमृत विचार :** हाईवे पर सरे राह पुलिस चौकी के सामने अचानक फायरिंग होने से भगदड़ मच गई। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। जबकि कई युवक मौके से फरार हो गए। सोमवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे हाइवे स्थित नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के सामने दो गुटों में अचानक फायरिंग होने लगी। चौकी से पुलिस कर्मियों ने घेर कर तीन युवकों को धर दबोचा। जबकि कई युवक मौके से बाइकों पर फरार हो गए। हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी सतवां के रहने वाले हैं। वह कछियानी खेड़ा मंदिर जा रहे थे। एक लड़की को लेकर चांदापुर के युवकों ने फायरिंग की है। कोतवाल ने बताया कि फायरिंग करने वाले युवकों की तलाश की जा रही है।






# सावन के पहले सोमवार को बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

## सड़कों पर नाचते-गाते निकले कांवड़िया, दोपहर बाद तक चला जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भगवान भोलेनाथ को समर्पित श्रावण मास की शुरुआत हो गई। सावन के पहले सोमवार को शहर सहित देहात क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त बड़ी संख्या में सुबह चार बजे से ही मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लाइन में लग गए। भोर में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया, उसके बाद गृहस्थों के जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। कछला से गंगा जल लेकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला जारी रहा।

कांवड़ रूट पर पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी निगरानी करते दिखाई दिए। सैकड़ों कांवड़िया गंगा जल लेकर रविवार रात में ही शिवालयों में पहुंच गए थे। उन्होंने शिव मंदिरों में डेरा डाल रखा था। भोर में पहले कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया, उसके बाद शहर के लोगों की कतार लग गई।



शहर के बिरूआबाड़ी मंदिर में भगवान शिव की पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



भगवान शिव का जलाभिषेक करतीं महिलाएं।

- प्राचीन शिव मंदिरों में भक्तों की रही अधिक भीड़, हर-हर महादेव की गूंज
- शिव मंदिरों पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, जगह-जगह तैनात रही पुलिस

बिरूआबाड़ी मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, हर प्रसाद मंदिर, नगला मंदिर में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। गौरीशंकर मंदिर में शिवभक्तों ने रूद्राभिषेक भी कराया। कछला से गंगा जल लेकर निकलने वालों का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। कांवड़ियों की ज्यादा भीड़ तो नहीं रही, लेकिन एहतियात के तौर पर रूट डायवर्जन लागू कर दिया था। एडीएम प्रशासन रेनू सिंह, सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी रूट पर भ्रमण करते रहे।

### खितौरा के प्राचीन मंदिर पर हुआ जलाभिषेक

**उघैती, अमृत विचार :** श्रावण मास की शुरुआत हो गई है। पहले सोमवार को क्षेत्र के खितौरा स्थित भगवान शिव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यहां के अलावा उघैती, रियोनाई, सिद्ध बरौलिया के शिव मंदिरों में हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। शिवालयों में सुबह 4 :00 बजे से ही भोलेनाथ के भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

## आईटीआई में चार अगस्त तक लें प्रवेश

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लॉक सालारपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चार अगस्त तक छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 10 जुलाई से शुरू हो चुकी है। केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से ब्लॉक सलारपुर में राजकीय औद्योगिक संस्थान संचालित है। इसमें छात्र-छात्राएं व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा में एक वर्षीय व दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट http://www.scvtup.in की मदद ले सकते हैं। प्रधानाचार्य एसके वार्ष्णेय ने बताया कि इच्छुक छात्र चार अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

## मंदिर की दुकानें खाली नहीं करने पर हंगामा

- एक युवक को एक हजार रुपये महीने किराए पर दीं गईं दुकानें
- मंदिर का कायाकल्प कराने को समिति दुकानें तुड़वाएगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समय अवधि पूरी होने के बाद भी दुकानदार मंदिर परिसर में किराए पर ली गई दो दुकानें खाली नहीं कर रहा। मोहल्ले के लोगों ने इस बात पर हंगामा किया।

मामला सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय का है। चौराहे पर स्थापित मंदिर के महंत मैकूदास ने बताया कि उझानी के ब्लॉक प्रमुख और ग्रामीणों के कहने पर मीरा सराय निवासी लाल बहादुर से 82860 रुपये लेकर मंदिर में दो दुकानें बनवाई थीं। जो लाल बहादुर को किराए पर दे दीं। तय हुआ कि दुकानों का हर महीने एक हजार रुपये अग्रिम किराया देंगे। इसके अलावा 800 रुपये उनकी दी हुई धनराशि से कटेंगे। इस प्रकार हर महीने 1800 रुपये लिए जाएंगे। तय हुआ था कि मिठाई की दुकान ही खोलेंगे। अब समय अवधि पूरी हो गई है। इसके बाद भी दुकानदार दुकान खाली नहीं कर रहे। महंत ने बताया कि मोहल्ले के लोगों ने चंदा किया है। कायाकल्प के चलते दोनों दुकानें भी तोड़ी जाएंगी प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



कोतवाली सिविल लाइन के सामने मौजूद मोहल्ला मीरा सराय के लोग। ● अमृत विचार

## डीएम ने पुष्टाहार उत्पादन केंद्र व गोशाला की व्यवस्थाएं परखीं



गौशाला का निरीक्षण करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पौधा रोपण स्थल पहुंचकर जानी स्थिति, संरक्षण करने के दिए आदेश

**अमृत विचार:** डीएम निधि श्रीवास्तव ने गौशाला, पुष्टाहार उत्पादन केंद्र तथा पौधारोपण वाले स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों को हरा चारा नियमित दिए जाने के आदेश दिए। पुष्टाहार की गुणवत्ता जांचने को कहा। वन विभाग के अधिकारियों को पौधों का संरक्षण करने के लिए आदेशित किया।

नौशेरा स्थित गौशाला निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि वहां 48 निराश्रित गौवंश संरक्षित हैं। पशुपालन अधिकारियों को डीएम ने गौवंशों को हरा चारा उपलब्ध कराने का आदेश दिया। कहा कि चारा परीक्षण करने के उपरांत ही गोवंशों को दिया जाए।

ब्लॉक उझानी स्थित ग्राम हजरतगंज में संचालित न्यूट्री श्योर प्रेरणा महिला लघु उद्योग पहुंचकर बनाए जा रहे पुष्टाहार को देखा। अधिकारियों से कहा कि लघु उद्योग केंद्र पर बन रहे पुष्टाहार की गुणवत्ता जांची जाए। डीएम ने हर माह पुष्टाहार आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने को कहा। इसके बाद डीएम ने मुजरिया स्थित वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग के अधिकारियों ने डीएम को बताया कि 13 हेक्टेयर में 8125 पौधों का रोपण अभियान अंतर्गत कराया गया है। डीएम वन विभाग के अधिकारियों को लगाए गए पौधों को संरक्षित करने के आदेश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, एसडीओ फॉरेस्ट कमल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने तीन लोगों को तमंचे के साथ पकड़ा

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत तीन लोगों को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल बिजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त तेजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बोबी निवासी ग्राम बैरमई खुर्द के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर के साथ ग्राम गिरधरपुर की सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त कमल निवासी ग्राम नगला डल्लू के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस और रामखिलाड़ी निवासी ग्राम बरनी के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर और दो कारतूस के साथ बरनी से पहले सड़क के किनारे बने मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### सूखे कुओं का सर्वे शुरू, जल्द ढके जाएंगे

**ओरछी, अमृत विचार :** गांव में सूखे पड़े खाली कुआं का तहसील प्रशासन सर्वे करा रहा है। इसके बाद या तो इन्हें बंद कर दिया जाएगा। या इन्हें ढका जाएगा। लेखपाल गांव पहुंचकर कुओं के सर्वे में जुटे हैं। यह निर्णय कुओं में हो रहे हादसों को लेकर शासन स्तर पर लिया गया है। डीएम के आदेश पर एसडीएम ने इस कार्य के लिए क्षेत्रीय लेखपालों को लगाया है। सूखे पड़े कुआं हादसों का सबब बन रहे हैं। इनमें पशुओं के साथ लोगों के गिरने से मौतें भी हो रही हैं। ऐसी स्थिति में कुओं को संरक्षित करने का प्रयास हो रहा है। शासन से मिले पत्र के बाद डीएम ने सभी एसडीएम को कुओं का सर्वे कराने के आदेश जारी किए। एसडीएम ने लेखपालों को इस कार्य में लगाया है। लेखपाल गांव पहुंचकर कुओं का सर्वे कर रहे हैं। इस संबंध में हल्का लेखपाल अनुज ने बताया गांव में खाली कुओं की संख्या शासन ने मांगी है। इन सभी कुओं को ढका जाएगा। बताया कि शासन ने यह निर्णय कुओं में हादसा होने की वजह से लिया है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL

डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm

डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### नायब तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर वकीलों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश कुमार सिंह की मौजूदगी में वकीलों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन रेनू सिंह को सौंपा। जिसमें उन्होने तहसील में तैनात नायब तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने न्यायालय में बैठकर कोई कार्य नहीं करते हैं। विवादित पत्रावलियों की सुनवाई नियमित रूप से नहीं करते हैं। सामान्य दाखिल खारिज की पत्रावली में जब तक सुविधा शुल्क नहीं मिल जाता दाखिल खारिज नहीं करते हैं। इसके अलावा भूमि प्लाट के दाखिल खारिज में सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। इससे जनता का कोई काम समय पर नहीं हो पा रहा है। वकीलों ने इसकी जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ताकि जनता को समय पर उचित न्याय मिल सके। इस मौके रामनिवास यादव, बिजेंद्र भानु सिंह, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, दिनेश कुमार आदि वकील मौजूद रहे।

### चार उपकेंद्रों को 31 तक दी जाएगी चौबीस घंटे बिजली

**बदायूं, अमृत विचार :** अधीक्षण अभियंता लखनऊ की ओर से जारी आदेश के बाद 21 से 31 जुलाई तक चार विद्युत उपकेंद्रों पर 24 घंटे बिजली दी जाएगी। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 21 से 31 जुलाई तक 33-11 केवी उपकेंद्रों को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की अनुमति इस प्रतिबंध के साथ दी गई है कि 33-11 केवी उपकेंद्र को दी जाने वाली बिजली किसी अन्य क्षेत्र को उनके निर्धारित स्तर से अधिक नहीं दी जाएगी। उक्त आदेश का अनुपालन करने को अधिशासी अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। 33-11 केवी उपकेंद्रों में उघैती, रुदायन, इस्लामनगर ग्रामीण, एवं आसफपुर आते हैं।

### सूरज की तपिश से बढ़ी उमस गर्मी से हलकान रहे लोग

**बदायूं, अमृत विचार :** सोमवार को खिली चटक धूप के बीच उमस भरी गर्मी में लोग परेशान रहे। बीच-बीच में काले बादलों को देखकर लगा कि बारिश होगी, लेकिन लोगों को मायूसी हाथ लगी। शाम को भी उमस बनी रही। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि विभाग के अनुसार दो से तीन में बारिश होने की संभावना है। पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रविवार की शाम बारिश होने के बाद मौसम सुहाना हो गया था, परंतु उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रही। सोमवार को सुबह से ही चटक धूप खिली। हालांकि बीच-बीच में बादल भी छाए। ऐसे में तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई।

# बिजली संकट से सूख रहीं फसलें, किसानों ने एसई कार्यालय घेरा

## परेशान ग्रामीण अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर आ धमके, कई घंटे हंगामा, ग्रामीणों का आरोप- सिर्फ एक घंटे मिल रही बिजली, 23 घंटे झेल रहे परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिजली संकट से जूझ रहे किसानों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंच कर अधीक्षण अभियंता (एसई) कार्यालय का घेराव किया। किसानों के आने की भनक लगते ही अधीक्षण अभियंता कार्यालय छोड़कर पहले ही निकल गए। किसानों ने कहा कि बिजली विभाग किसानों के साथ अन्याय कर रहा है। चौबीस घंटे में मात्र एक घंटे बिजली मिल रही है जिससे धान की पौध सूख रही है। खेतों में तैयार खड़ी फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने विभाग के खिलाफ हंगामा किया।

तहसील बिल्सी के ग्राम सिरतौल व आसपास के अनेकों गांवों से आए किसानों ने सोमवार को हाइडिल पर अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। किसान उनके कार्यालय में घुस गए। किसानों ने कहा जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक यहां से नहीं जाएंगे। किसानों ने बताया कि काफी समय से बिल्सी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली ठप है।

कहीं कहीं एक दो घंटे को बिजली आती है उसके बाद गुल हो जाती है। इस समय धान की रोपाई की जा रही है। किसान खेतों में पानी नहीं लगा पा रहे हैं। ट्यूबवैल बंद पड़े हैं। अन्य फसलें सूख रहीं हैं। बिजली संकट को लेकर कई बार एसडीओ और जेई बिल्सी व उघैती से बात की गई मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। करीब एक महीना से चौबीस घंटे में मात्र एक घंटा बिजली मिल रही है।



अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव करते किसान। ● अमृत विचार

### उघैती से नहीं भानपुर उपकेंद्र से मिले बिजली

किसानों का कहना था कि उनको उघैती बिजली घर से बिजली दी जा रही है। जो करीब 16 किमी दूर है। जबकि उनके पास में भानपुर बिजली घर है जो मात्र ढाई किमी दूर है। किसानों की मांग है कि उन्हें भानपुर के बिजली घर से बिजली दी जाए। उघैती बिजली घर से मिलने वाली सप्लाई शेड्यूल से नहीं मिल रही है। उघैती के आसपास के तमाम गांव आज बिजली संकट से जूझ रहे हैं। इसलिए परेशान होकर किसान यहां आए हैं। अब यहां पर समस्या का समाधान करने के बाद ही बाहर निकलेंगे। किसानों के कारण कार्यालय में कर्मचारी भी नहीं बैठ सके। वह भी निकल कर बाहर चले गए। इस मौके पर राकेश कुमार, पवन उपाध्याय, हीरालाल, जयराम, भुवनेश सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

> सोमवार को मैं कार्यालय में नहीं था। कुछ किसान बिजली की समस्या को लेकर आए थे। उनका प्रार्थना पत्र ले लिया गया है। किसानों को आश्वासन दिया गया है कि उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्हें समय से और पूरी सप्लाई देने का प्रयास रहेगा। **-अखिलेश कुमार**, अधीक्षण अभियंता

### उघैती बिजली घर पर भाकियू का धरना जारी, नहीं सुधारी बिजली आपूर्ति



**उघैती, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली मुहैया कराने का शासन का फरमान है। खितौरा व उघैती में बिजली अधिकारियों की मनमानी के चलते बिजली नहीं मिल पा रही है जिससे किसान परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर भाकियू ने उघैती बिजली घर पर रविवार से धरना शुरू कर दिया है। जो सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों के धरना देने के बाद भी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश है। बिजली उपकेंद्र खितौरा व उघैती समेत क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती थमने का नाम नहीं ले रही है। रात दिन मनमाने तरीके से बिजली का रोस्टर चल रहा है। रात की कटौती से लोग रात भर चैन की नींद भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। लोग भीषण गर्मी में बेहाल हैं। जिला मुख्यालय पर 24 घंटे और ग्रामीण अंचल में 18 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने का रोस्टर निर्धारित है। इधर रुक रुककर हो रही बारिश से बढ़ी उमस लोगों को बेचैन किए हुए है। वहीं अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज उपभोक्ताओं का जीना दुश्वार किए हुए है। बिजली कटौती को लेकर धरना शुरू कर दिया है। लेकिन बिजली विभाग पर धरने का कोई असर नहीं है। धरने के दूसरे दिन सुबह से ही बिजली गुल हो गई।

## घंटों गायब रही जिला अस्पताल में बिजली, चिकित्सकों ने छोड़ी कुर्सी

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को बिजली घंटों गुल रही। गर्मी और उमस के कारण डॉक्टर ओपीडी से बाहर निकल गए जिससे मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। बिजली न होने से मरीज और तीमारदार परेशान रहे।

सोमवार को सुबह साढ़े दस बजे अचानक बिजली गुल हो गई। उसके बाद गर्मी और उमस के कारण मरीजों को भारी परेशानी हुई। सुबह से दवा लेने को लाइन में लगे मरीज गर्मी में उबलते रहे। गर्मी के कारण डाक्टर भी ओपीडी से बाहर निकल कर चले गए। ओपीडी से बाहर मरीज लाइन घंटों तक लगी रही। कुछ मरीज डॉक्टरों को खोजते देखे गए। लेकिन गर्मी के चलते कुछ डॉक्टर सीएमएस कार्यालय में बैठे रहे।



बिजली न होने से खाली पड़ी डॉक्टर की कुर्सी

जबकि कुछ अन्य डॉक्टर इधर उधर हवा खाते रहे। बिजली की समस्या के कारण वार्ड में मरीजों के तीमारदार हाथ का पंखा झलते रहे। फिर भी मरीज व्याकुल रहे। पंखा कूलर बंद होने से वार्ड के बाहर तीमारदारों की भीड़ जुटी रही। बिजली गुल होने से एक्सरे रूम बंद रहा। एक्सरे रूम में दर्जनों मरीज बिजली आने का इंतजार करते रहे। कुछ मरीजों ने जनरेटर चलाने की गुहार की जिसके बाद कुछ देर के लिए जनरेटर चला कर एक्सरे किए गए। उधर पैथोलॉजी लैब में बिजली संकट के चलते ब्लड रिपोर्ट मरीजों को नहीं मिल सकी। मरीज दो घंटे तक लाइन में लगे रहे। बिजली समस्या के चलते ब्लड बैंक में दिक्कत हुई तो वहां जनरेटर चलाया गया। ब्लड कोल्ड रूम में लगा एसी चालू रखने को हर समय बिजली की जरूरत होती है। आज सुबह बिजली गुल हो जाने के बाद यहां खलबली मच गई जिसके बाद आनन फानन में जनरेटर चलाया गया।

- **मरीज रहे परेशान, दिन भर लगी रही भीड़, जिला अस्पताल का तार टूटने से ठप रही आपूर्ति**

> सोमवार को सुबह साढ़े दस बजे विद्युत लाइन का तार टूट गया, जिससे अस्पताल को आने वाली सप्लाई ठप हो गई। करीब दो घंटे के बाद तार जोड़ा गया, उसके बाद सप्लाई शुरू हो गई। बिजली गुल होने के बाद जनरेटर चला कर काम किया गया मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी गई। **-डा. रियाज हुसैन**, प्रभारी सीएमएस

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में फायरिंग, अफरा-तफरी

**विजय नगला, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग हुई। गांव में दहशत फैल गई। किसी ने वीडियो बना ली। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। वीडियो बनाने वाले युवक को मोबाइल ले लिया। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में पुलिस तैनात की गई है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव तकीपुर में महेश और प्रमोद के लिए काफी समय से रंजिश चल रही है। अक्सर ही विवाद होता रहा है। कुछ दिनों पहले भी दोनों पक्ष में मारपीट हुई थी। एक पक्ष के चाचा-भतीजा घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे भी दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्ष में आधा घंटे तक फायरिंग होती रही। ग्रामीण अपने घरों पर छिप गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। फायरिंग करके लोग भाग गए। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि पुरानी रंजिश चलते विवाद की बात सामने आई है। मामले की तहरीर नहीं आई है। जांच की जा रही है।

## बिजली समस्या के समाधान को सांसद ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

- **सांसद आदित्य यादव ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर की बिजली व्यवस्था सुधार की मांग**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** किसानों की शिकायत मिलने के बाद सपा सांसद आदित्य यादव ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को मांगपत्र भेजकर बिजली संकट दूर कराने का निवेदन किया है।

सांसद ने कहा कि गर्मी का प्रकोप है। ज्यादातर गांवों में बिजली और पानी की समस्या हो गई है। गांवों तक तो कई-कई दिनों तक बिजली गायब हो जा रही है। शहर से लेकर गांवों तक लोग परेशानी से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि पिछले महीने से विभाग में बिजली कटौती ज्यादा बढ़ा दी है। वर्तमान में स्थिति बहुत खराब है। किसानों को अपने खेत पर धान की पौध की रोपाई करनी है। जिले में कोई नहर या अन्य संसाधन न होने पर बिजली से ट्यूबवैल चलाकर फसलों की सिंचाई करना ही किसानों का सहारा है। बिजली के अभाव में किसानों की फसलें सूख रही हैं। शैक्षिक संस्थाओं में नया सत्र शुरू हो गया है। बिजली न आने से बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रभाव पड़ रहा है। जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदार उमस से परेशान रहते हैं। ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजने के अलावा सांसद ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता से बात करके बिजली आपूर्ति दुरुस्त करते हुए समस्या का जल्द निस्तारण करने को कहा।



आदित्य यादव, सांसद।

### दातागंज क्षेत्र में बिजली की समस्या का हर हाल में हो समाधान

**दातागंज, अमृत विचार :** ब्लाक सभागार दातागंज में क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह बिजली समस्या के समाधान को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह, एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह व सीओ केके तिवारी भी उपस्थिति रहे। अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार व अधिशासी अभियंता आरएन वर्मा की मौजूदगी में बिजली समस्याओं की समीक्षा की। शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त कर तत्काल उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जर्जर लाइनों की शिकायतों को देखकर विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि स्थिति ठीक नहीं है। विभाग के एसडीओ व जेई अपनी कार्यशैली में सुधार लायें वरना कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। विधायक ने अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता से कहा कि शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति निर्बाध व सुचारू रूप से चलनी चाहिए, गर्मियों के चलते बिना वजह कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही किसानों के नलकूपों की आपूर्ति में सुधार लाने व उपभोक्ताओं के पास आ रहे भारी भरकम बिजली बिलों में सुधार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसीडीएफ चेयरमैन रवेन्द्रपाल सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समरेर धीरज सक्सेना, म्याऊं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केसी शाक्य, मंडल अध्यक्ष भाजपा राजीव सिंह तोमर, ओमप्रताप सिंह, भावेश प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह गुर्जर, भाजपा आईटी विभाग जिला सह संयोजक देवेश तोमर, समाजसेवी अनूप गुप्ता, अंशुल सागर, जेई बालमुकुंद सिंह, जेई विशाल सिंह वर्मा, जेई राकेश कुमार, उपखंड अभियंता हरी दीपक गुप्ता, गुड्डू यादव, अभिषेक सिंह, मनोज पाल, मुलायम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



विद्युत समस्याओं की समीक्षा करते विधायक व विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार

## दूसरे समुदाय का युवक ले गया युवती को

**बिसौली, अमृत विचार :** एक युवती को दूसरे समुदाय का युवक लेकर फरार हो गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया की 20 वर्षीय बेटी का संबंध नगर निवासी मनु से था। आरोपी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया है। इस घटना में आरोपी की मदद राजू, वजीरगंज के वाकरपुर निवासी अतुल, मोनू, एवं अजीत ने की है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश एवं युवती की तलाश शुरू कर दी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरी बेटी का सही नाम Rajni Kumari है, जबकि आर्मी रिकॉर्ड में Rajni गलत दर्ज है। कृपया मेरे आर्मी रिकॉर्ड में सही नाम दर्ज करें। **हवलदार नरेंद्र सिंह नंबर 3195989F निवास ग्राम - दरवेशपुर जिला बुलन्दशहर, पोस्ट ऑफिस बोहिच, (यू.पी.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राकेश, पुत्रवधु गीता पत्नी स्व. मुकेश, नाती कुनाल पुत्र स्व. मुकेश व नातिन खुशी पुत्री स्व. मुकेश को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बद्रीप्रसाद पुत्र श्री पोथीराम निवासी ग्राम खिरका जगतपुर तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आकाश को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रामलाल पुत्र टीका राम निवासी ग्राम ढकिया डाम थाना शीशगढ़ थाना मीरगंज, जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सितम्बर 2003 को सेना से सेवानिवृत्त पेंशनर हूँ तथा मेरी सेवा पुस्तिका में मेरी पत्नी रणजीत कौर की जन्मतिथि त्रुटिवश 10.03.1974 अंकित हो गई है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 06.04.1970 है जोकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। **कुलवन्त सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह मो. एकता नगर गली नं. 5, शहर व जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे पुत्र का नाम MOHD ARQAN AKHTAR था, अब मैंने उसका नाम बदल कर ARQAN AKHTAR कर दिया है, भविष्य में उसे ARQAN AKHTAR के नाम से जाना पहचाना जाए। **इकराम अख्तर पुत्र अब्दुल रफीक निवासी मोहल्ला डालचंद जिला पीलीभीत।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


## गंगा स्नान के लिए घर से निकला युवक, फंदे पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बड़े भाई से दो सौ रुपये लेकर रविवार को गंगा स्नान करने गया था**
- **राजस्थान में ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था, कैंसर होने पर लौट आया**

**अमृत विचार :** गंगा स्नान करने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव फंदे पर लटका मिला। युवक राजस्थान में काम करता था। कैंसर होने की वजह से एक साल पहले घर लौट आया था। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर पट्टा निवासी जोरावर (35) पुत्र मोहन लाल रविवार दोपहर लगभग चार बजे अपने बड़े भाई धर्मपाल से दो सौ रुपये लेकर घर से गंगा स्नान करने जाने की कहकर निकला था। जिसके बाद वह लौटकर नहीं आया। रविवार सुबह उसका शव गांव मालपुर के पास एक पेड़ पर लटका मिला। खेत पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मालपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। युवक तीन शर्ट पहने हुए था। पेड़ पर अंगोछा लटका था। पास में ही शराब का क्वार्टर और गिलास पड़ा था। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। थाना प्रभारी रवि करन सिंह ने परिजनों को सूचित किया। जोरावर के बड़े भाई धर्मपाल ने बताया कि जोरावर राजस्थान के एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। एक साल पहले उन्हें कैंसर हो गया था। जिसके चलते वह घर लौट आया। उसकी पत्नी भी छह बेटियों को लेकर कहीं चली गई।

> युवक का शव फंदे पर मिला था। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। आगे की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया युवक ने फंदा लगाकर जान दी है ऐसा प्रतीत हो रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। **-रविकरन सिंह**, थाना प्रभारी

## लकड़ी ले जाने के विरोध पर पीटा

**दबतरा, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अतरपुरा निवासी देवेंद्र ने आइजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 13 मार्च दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे वह अपनी बहन विनीता, भाई परमानंद के साथ खेत पर धान की पौध लगा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी तीन लोग उनके खेत पर आ गए। खेत पर पड़ा उनका शीशम का कटा पेड़ ले जाने लगे। विरोध करने पर तीनों लोगों ने देवेंद्र से गाली-गलौज और मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर कुल्हाड़ी से वार किया। बीच बचाव करने पर उनके बहन विनीता को भी पीटा।

## मर्जी का अटैचमेंट, अब आदेश की हो रही अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **21 शिक्षक दूसरे स्कूल से हैं संबद्ध, बीएसए के आदेश पर भी बीईओ ने नहीं हटाए शिक्षक**

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में अटैचमेंट का खेल वर्षों पुराना है। जिसे अधिकारी चाह कर भी खत्म नहीं पा रहे हैं। ऊंची पहुंच वाले शिक्षकों ने जिस स्कूल में चाहा वहां अटैचमेंट करा लिया। इन्हें कोई मूल विद्यालय नहीं भेज पा रहा है। हालांकि बीएसए द्वारा महानिदेशक शिक्षा के आदेश का हवाला देते हुए बीईओ को पत्र जारी कर शिक्षकों को मूल विद्यालय भेजने के लिए निर्देश दिए जाते हैं। परंतु उन आदेशों पर अमल न कर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाता है। 21 शिक्षक लंबे समय से दूसरे स्कूलों से संबद्ध हैं। इन्हें मूल विद्यालय भेजने के लिए तत्कालीन के बाद वर्तमान बीएसए ने भी आदेशित किया है।

परंतु बीईओ हैं कि आदेश मानने को तैयार नहीं हैं। जिले के विभिन्न विकास खंडों के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत 21 शिक्षक लंबे समय से मूल विद्यालय छोड़ दूसरे स्कूलों में ड्यूटी कर रहे हैं। इनमें से कई शिक्षा शिक्षक संघ से जुडे हुए हैं तो कई का लिंक जनप्रतिनिधियों से है तो कुछ आर्थिक समझौते के आधार पर मूल विद्यालय छोड़कर दूसरे में ड्यूटी कर रहे हैं। इन शिक्षकों की संबद्धता समाप्त कर मूल विद्यालय भेजने के आदेश तत्कालीन बीएसए स्वाती भारती ने बीईओ को दिया था। उनका स्थानांतरण होने के बाद अब वर्तमान बीएसए वीरेंद्र कुमार ने 11 जुलाई को आदेश जारी किया है।

> शिक्षकों को मूल विद्यालय भेजने के लिए बीईओ को पत्र जारी किया है। शिक्षक अपने मूल विद्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई से पूर्व मेरे द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

### कौन शिक्षक किस विद्यालय में संबद्ध

| शिक्षक | मूल विद्यालय | संबद्ध स्कूल |
|---|---|---|
| विनय कुमार | प्रा. वि. अकबरपुर, ब्लॉक उसावां | उच्च पा. स्कूल गूरा बरेला, ब्लॉक म्याऊं |
| मुनेश चंद्र | प्रा. वि. रैपुरा कदम नगला, उसावां | उच्च पा. स्कूल रैपुरा कदमनगला उसावां |
| सतेंद्र पाल सिंह | प्रा. वि. नगला दलेल, उसावां | प्रा. वि. लिलवां, उसावां |
| मो. साकिब | सं. वि. रसूलपुर नगला, उसावां | उ. प्रा. वि. नौली फतुआबाद, उसावां |
| सोनू राठौर | प्रा. वि. बेहटी, उसावां | प्रा. वि. मिर्जापुर, उसावां |
| प्रिया | प्रा. वि. कटरा सआदतगंज, उसावा | प्रा. वि. पुलिस लाइन नगर क्षेत्र बदायू |
| शाकेब सुजात | सं. वि. जलालपुर, कादरचौक | प्रा. वि. ललसी नगला कादरचौक |
| चेतन शर्मा | प्रा. वि. मिर्जापुर, मौसमपुर, दहगवां | उ. प्रा. वि. खिरकबारी भूड, दहगवां |
| भोजराज राजपुत | प्रा. वि. मौजमपुर, म्याऊं | उ. प्रा. वि. गढ़िया शाहपुर, म्याऊं |
| नीरज मिश्रा | प्रा. वि. मुडसान कलां, म्याऊं | उ. प्रा. वि. बघौरा, म्याऊं |
| सुनील मिश्रा | प्रा. वि. सिमरिया देंदू, म्याऊं | उ. प्रा. वि. हर्रामपुर म्याऊं |
| अमित अग्रवाल | प्रा. वि. सिमरिया देंदू, म्याऊं | उ. प्रा. वि. हर्रामपुर म्याऊं |
| दीपक सक्सेना | सं. वि. कोड़ा गूजर म्याऊं | उ. प्रा. वि. म्याऊं |
| अब्दुल रहीम | उ. प्रा. वि. कटिया म्याऊं | प्रा. वि. नं. 1 नगर क्षेत्र ककराला |
| प्रीति राठौर | सं. वि. उतरना, जगत | प्रा. वि. नवादा सुलरा, जगत |
| रागनी नायक | प्रा. वि. इसापुर, जगत | प्रा. वि. नगला शर्की, जगत |
| अफजाज | सं. वि. जगत, जगत | सं. वि. रहमा, जगत |
| निधि मिश्रा | सं. वि. जगत, जगत | प्रा. वि. सिमरिया, जगत |
| प्रशाली शर्मा | सं. वि. नगला डल्लू अंबियापुर | उ. प्रा. वि. पुसगवां, अंबियापुर |
| रजेश कुमार | प्रा. वि. मुहम्मदपुर ऊधा, सहसवान | उ. प्रा. वि. वसावनपुर, अंबियापुर |
| गुलशन अफरोज | प्रा. वि. महानगर, सहसवान | जिला कारागार बदायूं |


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
**Computer Operators**
**Qualification:** Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
**Salesman (For Medical Stores)**
**Qualification:** Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
**Receptionist-2**
**Qualification:** Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
**PRO**
**Qualification:** Graduation
**Accountant**
**Qualification:** B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
**How to apply :** Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# नशीला पदार्थ खिलाकर रुपये और जेवर ले गई दुल्हन

**बदायूं, अमृत विचार :** शादी के एक सप्ताह बाद ही एक दुल्हन ने पति को नशीला पदार्थ मिलाकर खाना खिलाया। पति के नींद में सोने के बाद घर में रखे रुपये और जेवर लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव सरौरिया निवासी अर्जुन पुत्र नरेश पाल सिंह की शादी उनके एक परिचित ने एक सप्ताह पहले बरेली शहर निवासी रानी के साथ मंदिर में कराई थी। वह दुल्हन को अपने घर ले आए थे। रविवार रात दुल्हन ने नशीला पदार्थ मिलाकर पति को खिला दिया। आरोप कि दुल्हन घर में रखे 40 हजार रुपये, लाखों रुपये के जेवर ले गई है। सोमवार सुबह उठने पर अर्जुन को पत्नी के छोड़कर जाने की जानकारी हुई। अर्जुन ने तलाश की लेकिन दुल्हन का पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार बरेली जाने पर पता चला है कि उसकी दुल्हन बनकर आई युवती किसी गिरोह की सदस्य है। जो लोगों को ठगने का काम करती है।

# समाधान दिवस में 54 शिकायतें पहुंचीं, दो का निस्तारण

## कोतवाली सहसवान में डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने निस्तारित की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सहसवान तहसील में सोमवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें डीएम निधि श्रीवास्तव, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। अधिकारियों के समक्ष 54 शिकायतें पहुंचीं। इनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों में कृषि विभाग की मिनी किट का वितरण किया।

तहसील दिवस में ग्राम तौफी नगला के तिलक सिंह ने डीएम को बताया कि ब्लॉक सहसवान अंतर्गत ग्राम ज़रीफपुर गढ़िया में सहसवान खिरकवारी मार्ग टूटा पडा है। ग्राम ज़रीफपुर गढ़िया से होकर गुजर रहे आबादी के क्षेत्र में हालत अधिक खराब है। जगह-जगह जल भराव की समस्या बनी हुई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के मैदान में जल भराव हो जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी सहसवान को संयुक्त निरीक्षण कर तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में नगर पालिका की 09, शिक्षा विभाग 01, राजस्व विभाग 15, विकास विभाग 05, विद्युत विभाग 10, स्वास्थ्य विभाग 01, पुलिस विभाग 12 व पंचायत की 01 सहित कुल 54 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह, तहसीलदार सहसवान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



समाधान दिवस में शिकायत सुनती डीएम और साथ में एसएसपी। ● अमृत विचार



समाधान दिवस में शिकायत सुनती एडीएम ई रेनू सिंह। ● अमृत विचार

### मोबाइल पर गेम खेलते पकड़े गए पूर्ति निरीक्षक

**दातागंज, अमृत विचार :** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पूर्ति निरीक्षक सचिन मिश्रा गेम खेल रहे थे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो डीएम तक पहुंचा। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इधर वायरल वीडियो पर सख्ती अपनाते हुए एसडीएम ने भी पूर्ति निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है। सोमवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व डा. वैभव शर्मा एवं एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह जनसमस्याएं सुन रहे थे। वहीं ब्लाक म्याऊ व उसावा पर कार्यरत पूर्ति निरीक्षक सचिन मिश्रा अपने मोबाइल पर गेम खेलते रहे थे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो डीएम तक पहुंच गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। इधर, एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा है।

### बिल्सी में एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं

संवाददाता, बिल्सी। अमृत विचार : सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ई रेनू सिंह ने जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान 50 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारी को प्रेषित करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। यहां ज्यादातर शिकायतें बिजली, राजस्व, पूर्ति, भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतें पहुंचीं। इस मौके पर एसडीएम प्रवर्धन शर्मा, तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार मोहित कुमार, जेई दिनेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक धीरज कुमार गुप्ता आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# दो सौ का नकली नोट चलाते दो युवक पकड़े

संवाददाता, म्याऊं

- अलापुर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी के पास खोखे पर नकली नोट देकर खरीदी थी कोल्ड ड्रिंक

**अमृत विचार :** थाना अलापुर पुलिस ने बाजार में दो सौ रुपये का नकली नोट चलाते दो युवकों को पकड़ा है। युवकों ने एक खोखा संचालक को नोट देकर कोल्ड ड्रिंक खरीदी थी। नकली नोट का शक होने पर खोखा संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सोमवार की शाम लगभग पौने सात बजे दो युवक थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बिचपुरी के पास खोखे पर आर्मी लिखी कार से पहुंचे। उन्होंने खोखा संचालक पप्पू दक्ष को दो सौ रुपये का नोट दिया और कोल्ड ड्रिंक खरीदी। पप्पू दक्ष ने नोट देखा तो उन्हें नकली होने का शक हुआ। उन्होंने युवकों से कुछ नहीं कहा और म्याऊं पुलिस चौकी इंचार्ज राकेश सिंह चौहान को सूचना दी। चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों युवकों की तलाशी ली। बताया जा रहा है कि उनके पास से दो सौ रुपये के तीन नकली नोट बरामद हुए। पुलिस दोनों को चौकी ले आई और पूछताछ की। हालांकि पुलिस अभी इस संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। अभी जांच की जा रही है।

# कछला में खतरे के निशान से ऊपर पहुंची गंगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाढ़ की स्थिति बनने का खतरा
- प्रशासन ने दिए सुरक्षा के निर्देश, चौकियों पर तैनात करें कर्मचारी

**अमृत विचार :** हरिद्वार बिजनौर और नरौरा से छोड़े गए पानी से गंगा की स्थिति और विस्फोटक होती नजर आ रही है। कछला गंगा में जलस्तर खतरे के निशान से एक सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। तटवर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध रखने और बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों को अलर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

नरौरा बैराज से सोमवार को 76 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। यह पानी सहसवान क्षेत्र स्थित गंगा नदी में पहुंच गया है। वहां पर गंगा की धार ने अपना आकार बढ़ा लिया है। नरौरा से छोड़ा गया पानी उसहैत और दातागंज क्षेत्र में 23 जुलाई को सुबह दस बजे तक पहुंच जाएगा। जिसके बाद फिर वही दस दिन पहले वाली स्थिति पैदा होने का खतरा बना हुआ है। जिला प्रशासन ने बाढ़ खंड को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों को अलर्ट कर दिया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहले से नाव की व्यवस्था करा दी जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों को पशुओं की सुरक्षा के लिए सतर्क किया जाए। खाद्य सामग्री का भंडारण कर लिया जाए। ऊंचे स्थानों को चिन्हित कर लिया जाए। क्षेत्र की सभी सीएचसी पीएचसी पर दवाएं भरपूर मात्रा में उपलब्ध करा दी जाएं।राहत राशि का समय पर वितरण किया जाए। बाढ़ खंड ने अपने स्तर से गंगा किनारे के गांवों को सतर्क कर दिया है। बाढ़ आने की स्थिति में कहां कैसे जाना है उस पर विचार किया जाए।



उसहैत के अटेना घाट पर बढ़ रहा पानी। ● अमृत विचार

> हरिद्वार और बिजनौर से एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है जिससे एक बार फिर गंगा में उफान आने की संभावना जताई जा रही है। कछला गंगा में पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इस खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा अलर्ट कर दिया है। बाढ़ खंड ने सभी तैयारियां कर ली हैं। नावों को गंगा किनारे भेज दिया गया है।
>
> **–नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

# कार लूट में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस ने 16 जुलाई को मथुरा-बरेली राजमार्ग पर लूट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लूटी गई कार और नगदी बरामद की है। यह तीन बदमाश पीलीभीत और बरेली जिले के रहने वाले हैं। वारदात में शामिल एक आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

जिला कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के दरियावगंज निवासी मोहित कुमार गुप्ता 16 जुलाई को रात लगभग 11 बजे बदायूं की ओर से अपने गांव जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कार सवार बदमाशों ने उनकी कार रुकवा ली। उन्हें बंधक बनाकर कार, 8800 रुपये और मोबाइल लूटकर ले गए और उन्हें कार से धक्का देकर फेंक गए। मोहित कुमार की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात में लूट की रिपोर्ट दर्ज की। सिविल लाइन पुलिस और एसओजी आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर एसओजी व पुलिस ने गांव सैजनी के जंगल में दबिश दी। जहां तीन लोगों को पकड़ा। उनके पास से दो कार और 8800 रुपये नगदी बरामद हुई। उसमें से एक कार मोहित कुमार की थी। आरोपियों ने अपना नाम जिला पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव मंडरा सुमन निवासी सुमित कुमार मिश्रा, बरेली जिले के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव चंदपुर बिचपुरी निवासी नूर हसन और बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव नऊआ नगला निवासी आनंद उर्फ बल्ला बताया। सोमवार को एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने अपने चौथे साथी अफजाल के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। वह सड़क हादसे का आरोप लगाकर मोहित की कार ले गए थे। लूट करने के बाद मोहित को रास्ते में कार से फेंका दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा है।



लूट का खुलासा करते एएसपी। ● अमृत विचार



लूट गई बरामद कार।

# ग्राम पंचायत के 6 रिक्त पदों को भरे गए नामांकन पत्र

**बिसौली, अमृत विचार:** विकासखंड बिसौली में ग्राम पंचायत सदस्य के 6 रिक्त पदों पर नामांकन पत्र जमा किए गए। 23 जुलाई को इन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 24 को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

सोमवार को विकास खंड कार्यालय पर ग्राम पंचायत सदस्यों के उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी सुबह से ही दल बल के साथ पहुंचने लगे। आरओ सूर्य प्रताप सिंह ने बताया ग्राम सरेरा वार्ड नंबर 15 से शीला ने ग्राम सभा सर्वा वार्ड नंबर 18 से शशि प्रभा यादव ने फिरोजपुर गांव से अवध कुमार ने ग्राम मोहम्मदपुर मई से गोदावरी ने ग्राम सिचोली वार्ड नंबर 8 से सीमा ने एवं पैगा भीकमपुर वार्ड नंबर 3 से हरी चरन ने अपना पर्चा दाखिल किया।

# प्रधान पद पर तीन व सदस्य पदों को भरा गया 1-1 पर्चा

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** विकास खण्ड के एक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की मौत से रिक्त चल रहे पद पर उप चुनाव की प्रक्रिया जारी है। सोमवार को प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये।

ग्राम पंचायत अल्लीपुर चाची पुर के प्रधान टीकम सिंह का कुछ माह पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था तभी से प्रधान पद अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित था। इसके अलावा ग्राम पंचायत सदस्य पद हेतु दो पद खाली थे। इसमें लश्करपुर ओईया और पुरदलपुर में एक-एक वार्ड सदस्य के पद रिक्त हैं। इन पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपना नामांकन सोमवार को कराया। मंगलवार को पर्चों की जांच होगी और 24 जुलाई को नाम वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेगे। छह अगस्त को मतदान होगा। आठ 8 अगस्त को परिणाम घोषित किया जाएगा। आरओ संतोष राज भारती ने बताया की अल्लीपुर चाची पुर से प्रधान पद हेतु मुनेंद्र पाल, मृतक प्रधान की पत्नी कमलेश देवी, व पूरनलाल ने पर्चा दाखिल किया है। इसके साथ ही सदस्य पद हेतु लश्करपुर ओईया से कुमारपाल और पुरदलपुर से जयप्रकाश ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। दोनो सदस्य पद हेतु एक एक पर्चा भरा गया है। दोनो सदस्य पद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने जाएंगे। प्रधान पद हेतु छह अगस्त को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतदान होगा। इस मौके पर एआरओ सतीश चंद्र शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



प्रधान पद का पर्चा दाखिल करतीं प्रत्याशी।

# नाबालिग की शादी की सूचना पर पहुंची पुलिस, भागे बराती

संवाददाता, म्याऊं

- अगले दिन स्कूल के शिक्षक ने किया उम्र का सत्यापन तब हुई शादी
- लड़की के पिता ने शिकायत करने वाले पर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** एक गांव में रहने वाले सफाइकर्मी ने डायल 112 को नाबालिग की शादी कराए जाने की गलत सूचना दी। पुलिस गांव पहुंची तो डर की वजह से बराती भाग गए। अगले दिन गांव के स्कूल के शिक्षक से लड़की के बालिग होने के सत्यापन के बाद शादी कराई गई। लड़की के पिता ने पुलिस को गलत सूचना देने वाले से उनके नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव विशुनपुरी निवासी सूबेदार पुत्र खंजन लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी सपना 18 साल की है। जिसकी शादी उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव वरीका नगला निवासी योगेंद्र पुत्र भूप सिंह के साथ तय की थी। 10 जुलाई को उनकी बेटी की बरात आई थी। गांव निवासी एक सफाइकर्मी ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी कि गांव में नाबालिग लड़की की शादी कराई जा रही है। रात साढ़े 9 बजे पुलिस सूबेदार के घर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही बराती भाग गए। पुलिसकर्मियों ने कहा कि नाबालिग लड़की की शादी क्यों कर रहे हो। पुलिस ने शादी रुकवा दी। जिससे बरातियों के लिए बनाया गया नाश्ता और खाना बर्बाद हो गया। समाज में लज्जित होना पड़ा। उनकी बेटी और मेहमान ऐसे ही बैठे रह गए। अगले दिन गांव का स्कूल खुला। शिक्षक स्कूल पहुंचे। उन्होंने सपना के शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापित करके दिए। जिसके अनुसार सपना के बालिग होने की पुष्टि हुई। तक जाकर सपना की शादी हो सकी। सफाइकर्मी ने गांव में उनकी बेइज्जती की, पुलिस को गुमराह किया।

समाधान | शासन से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया जारी, अगस्त के अंतिम सप्ताह शुरू होगा काम

# 75 लाख से सुधरेंगी आवास विकास कॉलोनी में सड़कें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिछले कई साल से कॉलोनी में मुख्य मार्ग व अंदर की सड़कें हैं जर्जर
- कॉलोनीवासियों ने कई बार उठाई थी टूटी सड़कों की समस्या

**अमृत विचार:** आखिरकार आवास विकास परिषद को कॉलोनीवासियों पर दया आ गई। वर्षों से ऊबड़ खाबड़ सड़कों को जल्द सुधारा जाएगा। इसके लिए 75 लाख से अधिक धनराशि शासन से मंजूर हुई है। इस राशि से मुख्य सड़क समेत अंदर की गलियों को भी बनाया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक माह बाद यानी अगस्त में सड़कें बनाने का काम शुरू होने की संभावना है।

आवास विकास कालोनी का मुख्य मार्ग कई वर्षों से टूटा पड़ा है। स्थिति ऐसी हो गई कि उसमें गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। बरसात के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाता है। जिसकी वजह से कॉलोनी के लोगों का निकलना मुश्किल रहता है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि मार्ग पर दो से तीन फुट तक पानी भर जाता है।

जिसमें दो पहिया, चार पहिया वाहनों के पहिए पानी में डूब जाते हैं। सड़कों के बाद पत्थर तक बाहर निकल आए हैं। बरसात के दौरान सड़कों का पानी घरों में घुस जाता है।

मुख्य मार्ग सहित कॉलोनी में टूटी पड़ी सड़कों को ठीक कराने के लिए लोगों ने कई बार परिषद के अधिकारियों से मांग की थी। हालात अधिक खराब हुए तो लोगों ने जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद आवास विकास परिषद के अधिकारियों की नींद टूटी। कॉलोनी का सर्वे कर सड़कें बनाने के लिए 75 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था।



आवास विकास कॉलोनी में टूटे मुख्य मार्ग पर गुजरता वाहन। ● अमृत विचार

> आवास विकास कॉलोनी के मुख्य मार्ग और गलियों की सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 75 लाख से अधिक धनराशि शासन स्तर से स्वीकृत हुई है। टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इसके पूरा होने के बाद अगस्त माह के अंतिम सप्ताह तक काम शुरू करा दिया जाएगा।
>
> **–आशीष शर्मा**, अवर अभियंता, आवास विकास परिषद

## सार-संक्षेप

### गिंदो देवी महाविद्यालय में रोपे गए फलदार पौधे



**बदायूं, अमृत विचार :** पौधा रोपण महा अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत सोमवार को गिंदो देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ इंदु शर्मा एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। प्राचार्य ने बताया कि आज संपूर्ण विश्व पर्यावरण प्रदूषण की विभीषिका से ग्रस्त है, हम सभी का यह दायित्व है कि पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए हम सभी प्रभावकारी कदम उठाएं। पर्यावरण संरक्षण समिति असिस्टेंट प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती ने कहा कि पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन हमारा नैतिक दायित्व है।महाविद्यालय परिसर में आंवला, जामुन, नींबू ,अनार, अमरूद, सहजन, करौंदा, बेल आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

### कक्षा में शिक्षण सामग्री के प्रयोग की विधि बताई



**बदायूं, अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल में सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से निर्देशित सप्ताह के प्रथम दिवस पर टीएलएम दिवस के अंतर्गत शिक्षकों के लिए कक्षा में शिक्षण के दौरान शिक्षण प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग करना, तैयार करना आदि का प्रशिक्षण दिया। जिससे कि कक्षा में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को और अधिक सुगम एवं प्रभावशाली बनाया जा सके। जिसके पश्चात शिक्षकों ने अपने पाठ्यक्रम एवं कक्षा के अनुसार शिक्षण सामग्री को तैयार भी किया। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि हम अपने विद्यालय के नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार ही विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करते हैं। जिससे कि शिक्षकों को कक्षा कक्ष में शिक्षण के दौरान अधिक से अधिक शिक्षण सामग्री के प्रयोग को अभिप्रेरित किया जाता है। जिससे कि विद्यार्थियों हेतु शिक्षा अधिक सहज और प्रभावशाली वन सके।

### एसडीएम, सीओ ने किया शराब की दुकानों का निरीक्षण



**उझानी, अमृत विचार :** एसडीएम सदर एसपी वर्मा ने सीओ शक्ति सिंह और आबकारी इंस्पेक्टर रोहित शर्मा के साथ कस्बा उझानी क्षेत्र की शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। सभी दुकानों पर स्थिति सही मिली। बाइपास स्थित शराब की दुकान के पास कैंटीन की तरह परचून की दुकान चलाने वाले युवक को बुलाकर चेतावनी दी। सड़क पर गोवंश घूमने पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से जानकारी की। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गोवंश को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

### 24 को होगा विहिप का एक दिवसीय वर्ग कार्यक्रम



**बदायूं, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के 24 जुलाई को होने वाले वर्ग की रूपरेखा बैठक विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज रस्तोगी के निवास पर संपन्न हुई। जिसमें विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र मौजूद रहे। उन्होंने बताया विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल व अन्य सभी आयामों का एक दिवसीय कार्यक्रम वैभव लॉन में 24 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगा, जिसमें वर्ग में कार्यकर्ताओं का शारीरिक, मानसिक ,बौद्धिक विकास एवं कार्य पद्धति के प्रशिक्षण हेतु विश्व हिंदू परिषद द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वर्ग समय-समय पर प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग आयोजित करता है। वर्ग में संगठन के कुशल अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होता है। प्रशिक्षण से संगठन को विस्तार एवं कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत विकास में भी वृद्धि होती है। इस मौके पर अरविंद शर्मा ,देवकीनंदन शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, विनय सिंह, हरिओम पाठक, अरविंद गुप्ता, राजेश बाबू, नीरज शर्मा ,राजीव जौहरी, रचना शंखधार, मनी भदोरिया, राजेश, नीरज कोचर, संदीप रस्तोगी, मयूर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### मलेरिया निरीक्षकों ने किया एनटी लार्वा का छिड़काव



**बदायूं, अमृत विचार :** मलेरिया विभाग ने सोमवार को अनेकों मोहल्लों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया साथ ही लोगों को अपने घरों में साफ सफाई रखने की सलाह दी। सोमवार को जिला मलेरिया निरीक्षक मोनिका सिंह एवं डॉ. पूजा भदौरिया के द्वारा अर्बन क्षेत्र ऊपर पारा, लाल पुल, बड़ी जारत, एवं जोगीपुरा, व नगर पालिका के सभी नाले- नालियों एवं गड्ढों में लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव कराया गया। मलेरिया निरीक्षकों ने लोगों को साफ सफाई रखने की सलाह दी। मलेरिया निरीक्षकों ने कहा कि बारिश का मौसम है ऐसे में सफाई रखना अति आवश्यक है। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नाली नालों की सफाई जरूरी है।

### शिव भक्तों ने साहिबगंज मंदिर पर कराया भंडारा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या आठ चौराहा स्थित शिव मंदिर पर सावन माह के पहले सोमवार को भक्तों द्वारा एक भंडारे का आयोजन किया गया। यहां सैकड़ों की तादाद में लोग पहुंचे। उन्होंने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। मंदिर के महंत मनीष गिरी ने बताया सावन माह में शिव भक्तों द्वारा हर सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें आज पहले सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। यहां नगर पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर, ओमप्रकाश सागर ने भंडारे का शुभारंभ किया। इस मौके पर जमील बाबा, अनुज गिरी, परमवीर राठौर, जाहिर अब्बासी, दशरथ राठौर, दुर्गेश गिरी, मदन गिरी, आकाश गिरी, अमन गिरी, विनीत गिरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शिक्षामित्रों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले शिक्षामित्रों की बैठक मालवीय आवास गृह पर हुई। बैठक के बाद शिक्षामित्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत और महामंत्री सतीश गुप्ता ने कहा कि उन्हें शिक्षकों की भांति सम्मानजनक मानदेय दिया जाए। साल में 14 सीएल दी जाएं। कहा शिक्षकों के समान कार्य करने के बाद भी उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, सतेंद्र, मुकेश, संजीव, नरेश, लोकेश आदि मौजूद रहे।

बदायूं की खबरें पेज 10 पर भी देखें

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

34° अधिकतम तापमान | 28° न्यूनतम तापमान

**जिले में आज**

- सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ द्वारा मांगों लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन सिंचाई खंड कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- दान सहाय मैमोरियल महाविद्यालय रामपुर मोहनपुरा में परिसर में रोजगार मेला सुबह 10 बजे से।
- जिले में एसपी के निर्देशन में नियमित वाहन चेकिंग यातायात पुलिस द्वारा सुबह 10 बजे से।
- पर्यावरण संरक्षण प्रकल्प के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा रोपण दोपहर 12 बजे से।

**एक नजर**

### बिलराम गेट फीडर की बढ़ाई जाए क्षमता

**कासगंज :** वार्ड नंबर 24 की सभासद रुकसाना बेगम ने बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर डीएम मेधा रूपम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने बिलराम गेट फीडर की क्षमता 200 एम्पीयर से बढ़ाकर 400 एम्पीयर कराए जाने की मांग की। साथ ही अनुरोध किया कि विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वे अपने सीयूजी नंबर बंद न करें और उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब दें।

### छत से गिरकर पांच साल का बालक घायल

**कासगंज :** क्यामपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि उसका पांच वर्षीय बेटा अभी छत पर खेल रहा था। उसका पैर फिसल गया और नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### छत पर कपड़े डालने गई युवती गिरकर घायल

**कासगंज :** सदर कोतवाली क्षेत्र में छत पर कपड़ा सुखाने गई युवती पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव कातोर निवासी प्रेमपाल की 20 वर्षीय बेटी अनामिका सोमवार की दोपहर को कपड़ों को सुखाने छत पर गई थी। इसी बीच उसका पैर फिसल गया। वह छज्जे से नीचे आ गिरी। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, पिता-पुत्र की मौत

## कार में सवार दूसरे पुत्र की हालत गंभीर, अलीगढ़ रेफर किया, ऑटो को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सहावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कासगंज चांडी मार्ग पर ऑटो को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। पिता-पुत्र की मौत हो गई जबकि दूसरा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।

घटना सुबह लगभग 8:00 बजे की है। सहावर के मुहल्ला कुरैशी निवासी 65 वर्षीय छोटे कुरैशी पुत्र आमिर मोहम्मद, उनका 40 वर्षीय पुत्र दुलारे और 23 वर्षीय सोएब आलम स्विफ्ट डिजायर कार से अलीगढ़ जा रहे थे। दोनों बेटे अपने पिता को दवा दिलाने जा रहे थे। कासगंज-चांडी मार्ग पर गांव नीमरी के समीप सामने से आ रहे ऑटो को बचाने के चक्कर में चालक कार से नियंत्रण को बैठा और कार पेड़ से जा टकराई, जिससे छोटे और दुलारे की मौत हो गई, जबकि सोएब आलम गंभीर रूप से घायल हो गया उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। पिता पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर सहावर प्रवेश राणा ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।


हादसे में पिता-पुत्र की मौत के बाद बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


रोते-बिलखते मृतकों के परिजन। ● अमृत विचार

### डिवाइडर से टकराई मैक्स, नौ घायल

श्रद्धालुओं से भरी मैक्स पिकअप अनियंत्रित होकर कासगंज-सोरों मार्ग पर बारह पत्थर मैदान के समीप डिवाइडर से जा टकराई। एटा के गांव नगला मधु निवासी सौरभ, मारहरा निवासी निशांत एवं गांव खेड़िया निवासी दारा सिंह के अलावा अंकित, राघवेंद्र, ताराचंद, विजय सिंह, ईश्वरी प्रसाद, पूरन सिंह घायल हो गए। अंकित, राघवेंद्र और पूरन को अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है।

### चार सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल, वृद्ध की मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के चाड़ी रोड पर नगला वाले निवासी 65 वर्षीय राधेश्याम अपनी पत्नी सत्यवती के साथ चारा लेने के लिए खेत पर जा रहे थे। सुखदेवी स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद राधेश्याम को अलीगढ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रास्ते में मौत हो गई। वही कमला नर्सिंग होम के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें बैठी 35 वर्षीय किरन पत्नी राघवेंद्र निवासी गुरसहायगंज जिला कन्नौज के अलावा 45 वर्षीय वीरवती पत्नी महेश चंद्र निवासी कालेझारे थाना कमालगंज जिला फर्रुखाबाद, 60 वर्षीय पूर्णिमा देवी पत्नी रामविलास निवासी पुरबाल थान कन्नौज घायल हो गई। तीसरी हादसे में कासगंज सहावर मार्ग पर नगला चीटा के समीप बस की टक्कर से ट्रैक्टर पलट गया। चालक निवरी गांव का रहने वाला रामदास घायल हो गया चौथी दुर्घटना में अलीगढके थाना पाली के गांव सिंगपुर के रहने वाले 25



वर्षीय अजय की बाइक में इको कार ने टक्कर मार दी। अजय बदायूं जा रहा था। आवास विकास चौकी प्रभारी रामप्रकाश ने बताया इको गाड़ी पुलिस के कब्जे में है। चालक मौके से फरार है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


खंड शिक्षाधिकारी सुरेंद्र कुमार को ज्ञापन देता प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

# शिक्षामित्रों की समस्याओं के निस्तारण की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफेयर एसो. ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया**

**अमृत विचार :** आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर सोरों के खंड शिक्षाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। समस्याओं को दूर करने की मांग की।

ज्ञापन के जरिये मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया जाए। महिला शिक्षामित्रों का उनकी ससुराल के जिले में स्थानांतरण किया जाए। मृतक शिक्षामित्रों के परिजन को नौकरी और आर्थिक लाभ दिया जाए। चिकित्सीय अवकाश की सुविधा शिक्षामित्रों को दी जाए। 11 के स्थान पर 14 आकस्मिक अवकाश प्रदान किए जाएं।

62 साल की आयु में सेवानिवृत्ति एवं गुजारा भत्ता दिया जाए। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार लोधी, मनोज कुमार, राजकुमार शाक्य, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संजीव कुमार मौजूद रहे।

# सावन में मांस के व्यवसाय पर पूरी तरह लगे रोक


सहावर थाने में मांग पत्र देने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी।

संवाददाता, अमांपुर

- **बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने उठाई मांग**

**अमृत विचार :** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने श्रावण मास में मांस का व्यवसाय बंद कराने की मांग की। इसके लिए अमांपुर थानाध्यक्ष चंचल सिरोही को ज्ञापन दिया।

नगर संघचालक राकेश पाराशर ने कहा कि कांवड यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। खुले में रखे मांस पर निगाह जाती है तो धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। ज्ञापन देने के दौरान बजरंग दल नगर संयोजक लक्ष्मण शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष अवधेश सर्राफ, अभिषेक सर्राफ, प्रखंड नगर संयोजक विकास दादा, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, गोसेवक सोनू गुप्ता, मोनू दीक्षित, पंकज पाराशर, मोहनलाल शाक्य, संजीव माहेश्वरी, पुष्पेंद्र कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन

**सोरोंजी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों पर एकल नामांकन के कारण निर्विरोध निर्वाचन हो गया।

विकास खंड सोरों की ग्राम पंचायत लहवरकुला के वार्ड नंबर चार, ग्राम पंचायत बरौदा के वार्ड नंबर चार, भोजपुर भूपालगढ़ी के वार्ड नौ, ग्राम पंचायत तोलकपुर के वार्ड नंबर 10, ग्राम पंचायत तिम्बरपुर के वार्ड नंबर पांच, ग्राम पंचायत पचलना के वार्ड नंबर छह के लिए सोमवार को विकास खंड कार्यालय में उप निर्वाचन अधिकारी की देख-रेख में चुनाव प्रक्रिया हुई। उप निर्वाचन अधिकारी सहायक अभियंता नलकूप ने बताया कि सभी रिक्त पदों पर मात्र एक-एक प्रत्याशी द्वारा ही नामांकन किया गया। ऐसे में सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

# गांधी प्रतिमा को भगवा ओढ़ाया, कांग्रेसियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **जिला महासचिव के नेतृत्व में धरने पर बैठे कार्यकर्ता, एसडीएम ने कार्रवाई का दिया आश्वासन**

**अमृत विचार:** शहर के नदरई गेट चौराहे पर लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को भगवा ओढ़ाने से कांग्रेसियों में आक्रोश फैल गया। वह गांधी मूर्ति पर धरने पर बैठ गए। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। एसडीएम के आश्वासन पर कांग्रेसी माने और धरना समाप्त कर दिया।

शहर के नदरई गेट बाजार में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगी है। कुछ लोगों ने गांधी प्रतिमा को भगवा वस्त्र ओढा दिया। कांग्रेस के जिला महासचिव अमित पाठक कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और आक्रोश व्यक्त करते हुए धरने पर बैठ गए। कहा कि यह अपराधिक कृत्य है। दोषियों का पता लगाकर कार्रवाई होनी चाहिए।नदरई गेट चौकी प्रभारी के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए। धरना प्रदर्शन की

> नदरई गेट पर लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किसी ने भगवा कपड़ा ओढा दिया था। जिस पर कांग्रेसियों ने धरना देकर आपत्ति जताई। कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया।
> – संजीव कुमार, एसडीएम।

जानकारी मिलते ही एसडीएम संजीव कुमार, सीओ अजीत सिंह चौहान, इंस्पेक्टर लोकेश भाटी पहुंचे।

उन्होने कांग्रेसियों से बातचीत की। एसडीएम ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद कांग्रेसियों ने धरना समाप्त किया है। राजेंद्र कश्यप, सत्यप्रकाश गुप्ता, रमेश धनगर, सुशील शर्मा, मीनाक्षी गौड़, दीपू पांडे आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।


महात्मा गांधी की प्रतिमा को ओढ़ाया भगवा। ● अमृत विचार


पुलिस व प्रशासन के अफसरों को जानकारी देते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

# अंधाधुंध बिजली कटौती ने लोगों को किया बेहाल


बिजली समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना देते गांव आनंदीपुर के ग्रामीण।


मुहल्ला नवाब में लोगों की समस्याएं सुनते अधिशासी अभियंता सत्येंद्र गंगवार।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **आनंदीपुर के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार :** विकास खंड सोरों के गांव आनंदीपुर के ग्रामीणों ने विद्युत समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मांग पत्र डीएम को देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।

ग्रामीणों का कहना था कि गांव को रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति नहीं मिलती है। इस समय 11 हजार की नई लाइन डाली जा रही है, जबकि किसान चाहते हैं कि उन्हें पुरानी लाइन से ही आपूर्ति दी जाए। किसानों का कहना है कि नई लाइन से ग्रामीणों को समस्या होगी। ग्रामीणों ने धरना देकर विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश जताया। मिथलेश देवी, उर्मिला देवी, प्रेमवती, रामप्यारी, मुन्नोदेवी, कन्हैया लाल, मनोज कुमार, रामबेटी, रामवती, रामश्री, मोहरश्री, मूलचंद्र, बंगाली, मिथलेश, भगवान देवी, सत्यवती, प्रेमादेवी, मुकेश, श्याम देवी, कुसमा देवी, लालाराम, कुलदीप कुमार मौजूद रहे।

### 12 घंटे गुल रही बिजली, अधिशासी अभियंता पहुंचे

**कासगंज, अमृत विचार :** मुहल्ला नवाब की गली मीना मार्केट में रविवार रात लगभग दो बजे केबल में आग लग गई जिससे एक बस्ती में कई घरों की बिजली गुल हो गई। परेशान उपभोक्ता रात को ही क्षेत्र के जेई, एसडीओ के मोबाइल पर कॉल करते रहे। अधिकारियों के फोन बंद थे या रिंग जाती रही लेकिन रिसीव नहीं हुए। ऐसे में रात भर लोग बेचैन रहे। सोशल मीडिया पर लोगों ने इस समस्या को लेकर पोस्ट डालीं तो अधिशासी अभियंता सत्येंद्र गंगवार पहुंचे और लोगों की समस्या सुन कर्मचारी को बुलाकर केबल बदलवाई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को उपभोक्ताओं के फोन रिसीव करने चाहिए। सीयूजी नंबर पोर्ट किए जा रहे हैं इसलिए समस्या है। नंबर पोर्ट होने के बाद फोन न उठने की कोई समस्या नहीं रहेगी। शासन से भी निर्देश हैं कि अधिकारी सीयूजी फोन बंद न करें।

# पीयूष मिश्रा एबीवीपी के नगर अध्यक्ष रोशन नगर मंत्री बने

**कासगंज, अमृत विचार:** मुहल्ला कटरा राजा साहब स्थित परिषद कार्यालय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पटियाली नगर इकाई की साप्ताहिक बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रांत कार्यकारिणी सदस्य तहसील प्रमुख रोहित पुंढीर ने नगर इकाई की घोषणा की।

पीयूष मिश्रा को नगर अध्यक्ष, रोशन शर्मा को नगर मंत्री, अम्बुज द्विवेदी को नगर सोशल मीडिया प्रमुख, काजल मिश्रा को सहनगर मंत्री, चित्रांश मिश्रा सहनगर मंत्री, सिद्धार्थ वाजपेयी संयोजक, शिवा मिश्रा सह संयोजक, हेमंत शाक्य, हिमांशु पांडेय आंदोलन प्रमुख, नीरज बघेल नगर उपाध्यक्ष, देव मिश्रा खेल प्रमुख, आशीष को सह खेल प्रमुख मनोनीत किया गया।। मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित मौजूद रहे।

# शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शनिवार को होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस अपरिहार्य कारणों के चलते सोमवार को आयोजित किया गया। तहसील सहावर में डीएम, एएसपी एवं अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुन निराकरण के प्रयास किए। अधिकारियों के समक्ष कुल 88 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण कराया गया। सदर तहसील में एडीएम और पटियाली में एसडीएम व सीओ ने शिकायतें सुनीं।

डीएम मेधा रूपम व एसपी अपर्णा रजत कौशिक के समक्ष फरियादियों ने आवास आवंटन, अवैध कब्जा, खेत की पैमाइश, आपसी विवाद, मारपीट, उत्पीड़न, पारिवारिक बंटवारा, मेड़बंदी, चकरोड, पट्टा पैमाइश, राशन कार्ड में नाम कट जाने , राशन न मिलने, किसान सम्मान निधि , अधिक राशि के विद्युत बिल, वृद्धावस्था पेंशन, श्रम विभाग में पंजीकरण एवं विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित 88 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से पांच शिकायतों का ही निस्तारण हो सका।

शेष के लिए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतें गंभीरता से ली जाए। इनका गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हो। यदि अगले समाधान दिवस में यह शिकायतें दोबारा आईं तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। तहसील कासगंज में एडीएम राकेश कुमार पटेल, पटियाली तहसील में एसडीएम कुलदीप सिंह व सीओ विजय कुमार राना ने जनता की शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम सहावर कोमल पवार, सीओ सहावर शाहिदा नसरीन, सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, बीएसए सूर्यप्रताप सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



तहसील सहावर में शिकायतें सुनतीं डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- **सहावर में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं, 88 शिकायतों में पांच का निस्तारण**

# बेसिक के 250 शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **शिक्षकों को मानक योजना पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने का दिया प्रशिक्षण**

**अमृत विचार:** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना पोर्टल पर विद्यार्थियों के पंजीकरण बढ़ाने के लिए बेसिक के विज्ञान शिक्षकों को श्रीगणेश इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 250 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण की गति बेहद धीमी है। हर विद्यालय से पांच विद्यार्थियों के नवाचार आइडिया पोर्टल पर अपलोड कराएं जिससे जनपद के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। बेहतर आइडिया लेने के लिए सभी विद्यालय में बॉक्स लगवाएं। प्रशिक्षण में दी गईं जानकारियां भर कर विद्यार्थियों का पंजीकरण एवं उनके आइडिया को अपलोड करें। कोई परेशानी हो तो उनसे या समन्वयक से संपर्क कर सकता है। प्रधानाचार्य एचपीएन दुबे, जिज्ञासु सक्सेना, वेद प्रकाश, दुर्वेश कुमार, संदीप सिंह, जितेंद्र सिंह पल, अजय महेश्वरी, केपी सिंह यादव रहे।

# बिजली की समस्या को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भारत गुट के पदाधिकारियों ने रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति न मिलने पर विद्युत सब स्टेशन पर धरना दिया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ पटियाली को सौंपकर तीन दिन के अंदर समस्या के समाधान की मांग की, अन्यथा की स्थिति में हाईवे जाम करने की चेतावनी दी।

बिजली समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन भारत गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष तिरमल सिंह की अगुवाई में बिजलीघर में प्रदर्शन के बाद पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ विजय सिंह राणा को दिया। कहा कि इन दिनों धान की रोपाई हो रही है। बीनपुर विद्युत सव स्टेशन से ठीक से आपूर्ति नहीं मिलने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि विद्युत समस्या से किसानों को निजात नहीं मिली, तो किसान बदायूं-मैनपुरी हाईवे पर जाम लगाकर कर उग्र आंदोलन करेंगे।


विद्युत समस्या को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे किसान नेता। ● अमृत विचार

- **रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति की उठाई मांग**

### अमांपुर में जमकर हो रही बिजली कटौती

**कासगंज, अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर में रात को भी जमकर बिजली कटौती की जा रही है। कम वोल्टेज ने भी नगर वासियों का बुरा हाल कर दिया है। रविवार रात को 9 बजे से 2 बजे तक 10 से 15 मिनट के अंतराल पर बिजली कटौती होती रही। साथ ही रातभर कम वोल्टेज के चलते पंखा, कूलर, एसी ठीक से काम नहीं कर सके। इससे बिजली आने के बाद भी लोग भीषण गर्मी में परेशान रहे। एक सप्ताह से यह संकट और गहरा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति देने के सभी दावे हवा-हवाई बनकर रह गए है।

# अठखेलियां करते नाग-नागिन का जोड़ा देखने उमड़े ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** थाना ढोलना के गांव नगला जोर में अठखेलियां करता नाग-नागिन का जोड़ा लोगों के लिए कौतूहल बन गया। लोगों ने मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर वायरल किए।

सोमवार सुबह नगला जोर के ग्रामीण खेतों पर काम के लिए गए। ग्रामीणों ने एक खेत की मेड़ के पास नाग-नागिन के जोड़े को देखा तो ठहर गए। ग्रामीण दूर से देखते रहे। यह खबर गांव में फैली तो कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष और बच्चे एकत्र हो गए और नाग-नागिन की अठखेलियां देखकर आश्चर्य से भर उठे। किसी ने फोटो तो किसी ने वीडियो बनाया और फिर वायरल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 40 मिनट तक अठखेलियां कर नाग-नागिन चले गए।


नगला जोर में अठखेलियां करता नाग-नागिन का जोड़ा।

## एक नजर

### सड़क हादसों में पांच कांवड़िया घायल

एटा : सड़क हादसों में पांच कांवड़िया घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के गंगनपुर निवासी रोहित, संतोष यादव , आदेश कुमार, भोला रविवार की रातगिरौरा मंदिर के पास मोटर साईकिलों की टक्कर में घायल हो गए। यह चारों कांवड़.भरने के लिए सोरों जा रहे थे। इसके अलावा मध्य प्रदेश के छावरा रनौदस शिवपुरी निवासी देवेन्द्र पुत्र भगवान सिंह कांवड़ लेकर आते समय नगला जसराम के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

### वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

कासगंज : इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने बताया कि वारंटी बालकराम निवासी सनौड़ी बकेनिया थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया। वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था एवं गिरफ्तारी से बच रहा था। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### मानसिक रूप से परेशान युवक ने दी जान

एटा : मानसिक रूप से परेशान युवक ने फंदा लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। सीटू ( 35 ) पुत्र नेपाल सिंह निवासी नगला कल्यान थाना मिरहची मानसिक रूप से परेशान रहता था। परिजनों ने बताया कि उसका उपचार भी चल रहा था। सीटू कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। सोमवार को दोपहर 2 बजे सीटू ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार

कासगंज, अमृत विचार : थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी गनेश कुमार निवासी जिजौल थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी तोड़िया सफेद धातु, एक नोज पिन पीली धातु बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

कासगंज, अमृत विचार : तीर्थ नगरी सोरों के मुहल्ला बारू में घर के बाहर खड़ी श्रीकृष्ण की बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। बाइक स्वामी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

# पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, गूंजा हर-हर महादेव

## कासगंज के अलावा तीर्थनगरी सोरों से लहरा घाट तक भक्तिमय हुआ वातावरण, शाम तक नहीं टूटीं श्रद्धालुओं की कतारें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को वातावरण भक्तिमय रहा। सुबह से ही भक्तों की कतारें शिवालयों में लग गईं। भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाकर उनकी आराधना की। शिवभक्तों ने घरों में भी भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ शिवालयों में उमड़ने लगी ।शहर के अलावा कस्बों में भी शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस माह में भगवान शिव की अराधना का विशेष महत्व है। यह मास शिव को बेहद प्रिय है। माना जाता है कि श्रावण मास में शिवभक्ति से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक के कार्यक्रम आयोजित किए गए। घी, दूध सहित गंगाजल आदि सामग्री से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। चामुंडा मंदिर के अलावा भूतेश्वर मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर पर भक्तों की काफी भीड़ रही।



पारना मठ मंदिर में जलाभिषेक को कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बम-बम भोले के स्वर से गूंजे शिवमंदिर

अमांपुर, सहावर ,सिढ़पुरा, पटियाली, कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार को हर हर महादेव और बम बम भोले की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, मेवा, फल आदि लेकर मंदिरों में पहुंचे और भगवान शिव को अर्पित किए। गंजडुंडवारा के रेलवे रोड स्थित पंचायती बाग शिव मंदिर, वनखंडी आश्रम स्थित शिवमंदिर, हनुमानगढ़ी, सराफा बाजार शिव मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, पालीवाल मंदिर, मोहल्ला खेरू शिव मंदिर, चक्कीवाले बाबा मंदिर, ब्रह्मदेव महाराज मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, कादरगंज रोड शिव मंदिर, एटा रोड शिव मंदिर, प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। शिवभक्तों ने दूध, घी, दही, गंगाजल, मिष्ठान, बेलपत्र आदि भगवान शिव को अर्पित किए। पटियाली के पाताली महादेव मंदिर व अन्य शिवमंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### पुलिस सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

शिव भक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने कड़ी व्यवस्था की। सीओ सिटी अजीत चौहान कासगंज क्षेत्र के शिव मंदिरों में स्वयं कमान संभाले रहे। वहीं अन्य क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारी और संबंधित क्षेत्राधिकारियों ने सुरक्षा की कमान संभाली।

### सोरोंजी में उमड़े भक्त

सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ पड़ी। हरिपदी घाट पर गंगास्नान के बाद श्रद्धालु जल लेकर शिवालयों में पहुंचे। गंगाजल और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। हर हर महादेव के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजते रहे। श्रद्धालु शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते नजर आए। सोमेश्वर, भूतेश्वर, रूपेश्वर, मनकामेश्वर, महाकालेश्वर, गंगेश्वर, प्रकटेश्वर, कालीशंकर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



सोमेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



101 लीटर गंगाजल ले जाते नगला खाइयर सिरसागंज के कांवड़िया।

# श्रद्धालुओं ने शिव को अर्पित किया भांग, धतूरा

**जलेसर अमृत विचार:** सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों पर भक्तों ने पूजा अर्चना की। पटना पक्षी विहार स्थित इच्छेश्वर महादेव मंदिर में मेले का आयोजन हुआ। सावन मास के प्रथम सोमवार को शिवालयों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सर्वाधिक भीड़ पटना पक्षी विहार स्थित इच्छेश्वर महादेव पर दिखाई दी। मंदिर में कोतवाली पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई। वहीं जलेसर-सिकंदरा राहु मार्ग पर रूट डायवर्जन किया गया। चिंता हरण मंदिर, गोपेश्वर महादेव मंदिर, बलकेश्वर महादेव मंदिर, संकट हरण मंदिर, भैरव बगीची, नागेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

प्रथम सोमवार को महाभारत कालीन इच्छेश्वर महादेव मंदिर पटना पक्षी विहार में कोतवाली पुलिस के द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी राजकुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी दोहरे, कोतवाली प्रभारी डॉक्टर सुधीर राघव, पटना ग्राम पंचायत के प्रधान हरेंद्र धनगर सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# पहले सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



शिवालय में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** सावन मास के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचे। सबसे अधिक भीड़ शहर के कैलाश मंदिर में रही।

सुबह चार बजे तक से कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। कैलाश मंदिर में सुबह से ओम नमः शिवाय के जयकारे लगते रहे। दर्शन करने के लिए महिलाओं की लाइनें लगी रहीं। मंदिर व्यवस्थापकों की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के इंतजाम किए थे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की कड़ी निगरानी रही।

# अस्पताल में घंटों बेहोश पड़ी रही महिला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पांच माह की गर्भवती को महिला चिकित्सकों ने अस्पताल से भगाया
- परिवार करता रहा मिन्नतें, फिर भी चिकित्सकों का नहीं पसीजा दिल

**अमृत विचार :** पांच माह की गर्भवती महिला पेट में तेज दर्द होने पर जिला महिला अस्पताल पहुंची, जहां महिला चिकित्सकों ने उसे देखने से इनकार कर दिया। पति और सास ने डॉक्टरों से विनती की, फिर भी डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा। महिला हॉल में फर्श पर बेहोश पड़ी रही। किसी ने उसे हाथ भी नहीं लगाया।

कछला निवासी मोहम्मद मियां की पत्नी रीना पांच माह की गर्भवती थी। सोमवार सुबह रीना के पेट में घर पर अचानक दर्द शुरू हो गया। मोहम्मद मियां पत्नी को अपनी मां के साथ लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंचा। मोहम्मद मियां पर्चा बनवाने के बाद दूसरी मंजिल पर गया। वहां मौजूद महिला चिकित्सक को उसने पर्चा दिया। आरोप है कि महिला चिकित्सक ने दर्द से तड़पती महिला को देखने से इनकार कर दिया। महिला को बाहर ले जाने का फरमान सुना दिया। मोहम्मद मियां और उसकी मां ने महिला चिकित्सक से विनती की कि वह रीना को देख लें और यहां जल्दी से उसे भर्ती कर लें। लेकिन उसकी बात पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

उसे बाहर ले कहीं दिखाने को कह दिया। रीना दर्द से कराह रही थी। वह तेज दर्द के बाद भी सीढ़ियों से चढ़कर ऊपर तक गई और फिर ऊपर से नीचे आई इसी बीच उसकी हालत और बिगड़ गई। नीचे आकर रीना हॉल में फर्श पर बेहोश हो गई। उसकी हालत देख अन्य महिलाएं भी परेशान हो गईं पति भी घबरा गया। काफी देर तक रीना बेहोशी की हालत में पड़ी रही। मगर किसी का दिल नहीं पसीजा। करीब दो घंटे बाद जब रीना कुछ ठीक हुई तो परिजन निजी डॉक्टर के पास ले गए।



अस्पताल में बेहोश पड़ी महिला।

> कछला की महिला के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। यदि महिला परेशान थी तो उनके पास आना चाहिए था। किस डाक्टर ने देखने से मना कर दिया। इसकी जानकारी करेंगे। यहां जो महिलाएं आती हैं सभी का उपचार किया जाता है। रोग की गंभीरता को देखकर भर्ती भी किया जाता है। अक्सर लोग इस तरह की शिकायत तो करते हैं। पता करने पर कुछ और बात ही निकलती है।
> -डा. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस

# पट्टे की जमीन पर कब्जे की कोशिश, दंपती से मारपीट

संवाददाता, विजय नगला

- 2010 में शूरम सिंह को खेती करने को दी गई थी तीन बीघा जमीन

**अमृत विचार :** पट्टेदार की जमीन पर दबंगों के कब्जे का विरोध करना अनुसूचित जाति के दंपती को महंगा पड़ गया। दबंगों ने दोनों को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। जमीन पर घायल पड़े दंपती का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दंपती की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव ब्यौर के मजरा शकूरपुर निवासी शूरम सिंह पुत्र सूरजपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अनुसूचित जाति का भूमि विहीन है। जिसके चलते सरकार ने उसे 2010 में पास के गांव मरूआ में तीन बीघा जमीन पट्टे पर दी थी। जिसकी पट्टा संख्या 2821 है। जमीन पर खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। रविवार शाम लगभग छह बजे वह अपनी पत्नी के साथ ट्रैक्टर से जमीन जोतने गए थे। पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने लाठी-डंडों से दंपती की पिटाई शुरू कर दी। दंपती लहूलुहान हो गए। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल दंपती को जिला अस्पताल भेजा। हल्का लेखपाल वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वर्ष 2010 में उन्हें पट्टे पर जमीन दी गई थी। दूसरे पक्ष से खेती की मेड़ काटने को लेकर विवाद हुआ था। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली कटौती: किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता,एटा



बिजली घर पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिजली कटौती और लो वोल्टेज से परेशान सदर तहसील क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन किया। कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो विशाल आंदोलन किया जाएगा।

किसान नेताओं ने कहा कि घरेलू संयोजन के नाम पर 2500 से 3000 रुपये की अवैध वसूली की जाती है और इसके एवज में रसीद 1300 की दी जाती है। जेई की इतनी शिकायतें होने पर भी कार्यवाही नहीं हो रही है। मीटर रीडर बिल कम करने के नाम पर अवैध वसूली करते हैं।

विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। लो वोल्टेज आ रहे हैं जिससे धान की रोपाई रुकी पड़ी है। किसानों ने मांग की है कि पूरी बिजली दी जाए।

वहीं मारहरा ब्लाक के गांव लालपुर में संविदाकर्मी की मौत पर उसके परिवार को उचित मुआवजा मिले। गंगनपुर के पुराने जर्जर तारों को तत्काल बदलवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में जयप्रकाश यादव उपाध्यक्ष, सुधीर चैहान महामंत्री, अजय, सुधीर राघव,अजय कुमार वर्मा, उमेश गुप्ता जिलाध्यक्ष, जीशान कुरेशी, सीताराम कश्यप समेत आदि अनेक किसान शामिल रहे।

# बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने नवजात का जाना हाल

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सहावर क्षेत्र के गांव जहांगरीपुर में मिले नवजात के स्वास्थ्य का हालचाल जाने के लिए बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के सदस्यों की टीम जिला अस्पताल पहुंची। चिकित्सकों से बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों को अनाथ बच्चे के भली भांति देखरेख करने के लिए कहा है। शुक्रवार की सुबह थाना सहावर के जहांगीरपुर में पशु चारे की नाद में एक नवजात मिला था। एसडीएम कोमल पवार के निर्देश पर बालक को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती करा दिया। सोमवार को बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के सदस्य डा. फारूख, डा. लायक अली, शशिवाला गुप्ता, चंद्रप्रकाश सिंह ने संयुक्त जिला अस्पताल पहुंचकर बच्चा वार्ड में भर्ती नवजात के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# बच्चों के कार्यक्रमों ने लोगों को किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आवास विकास कॉलोनी स्थित मनमस्त आश्रम में सोमवार को बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मंत्रमुग्ध कर दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं।

- मनमस्त आश्रम में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम का आरंभ गुरु योगेश कुमार योगेश ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। उन्होंने बच्चों को सीख दी कि गुरु के बताए रास्तों पर चलकर उन्नति के शिखर पर पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, एकल गीत, सामूहिक गीत और नाटकों की प्रस्तुति देकर गुरु की महिमा की बखान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। कुमारी प्रतिज्ञा, अनुष्का, खुशी, नंदनी, पलक, शगुन, मनमोहन शर्मा, सुनील दत्त, रविकिशन, भविष्य कुमार, मनमोहन शर्मा, गोपाल वार्ष्णेय, अंकुर शर्मा रहे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा मित्रों ने बीआरसी पर किया प्रदर्शन



**बिसौली, अमृत विचार :** शिक्षामित्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर बीआरसी पर प्रदर्शन किया। साथ ही मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम अपना ज्ञापन सौंपा। शिक्षामित्र अवनीत सक्सेना ने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के हित में अति शीघ्र निर्णय लेकर अध्यादेश के माध्यम से शिक्षामित्रों को पुन : सहायक अध्यापक पद पर पदस्थापित करे। ओमेंद्र यादव ने कहा कि महिला शिक्षामित्रों को उनकी ससुराल के जनपद के विद्यालयों में स्थानांतरण किया जाए। इस मौके पर राजीव कुमार,अनिल शर्मा,पूनम सक्सेना,सुषमा रानी, राजकुमार,उमेश आदि मौजूद रहे।

### राजकीय महाविद्यालय में हवन कराया गया

**जलेसर, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा सावन मास के प्रथम सोमवार को गायत्री परिवार के तत्वावधान में हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य आरके गोस्वामी ने समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से आवाहन किया कि वह वह अनुशासन में रहकर शिक्षा प्राप्त करें और अपने अपने धर्म के प्रति जागरूक रहें। डा. विभा, डॉ. विजय चौधरी, डॉ. अनिल, डॉ. कविता, डॉ. राहुल भारद्वाज, डॉ. शालिनी यादव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

**एटा, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव डांडा निवासी राजेन्द्र ( 55 ) पुत्र रक्षपाल सिंह अपने पुत्र नीरज के साथ बाइक से जा रहे थे। बाइक बागवाला के गांव सत्तारपुर के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र की मौत हो गई जबकि नीरज घायल हो गया। दूसरी ओर कोतवाली देहात के एफसीआई गोदाम के पास कार की चपेट में घायल हुईं पुष्पादेवी ( 80 ) पत्नी रामबाबू की उपचार के दौरान आगरा में मौत हो गई। वहीं रिजोर थाना क्षेत्र के ग्राम निधौलीखुर्द निवासी देवजीत सिंह ( 50 ) पुत्र भूरी लाल मेडिकल कालेज की नई बिल्डिंग में 22 जुलाई को पड़ा मिला। पत्नी विद्यादेवी उसे अस्पताल ले गईं डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### सीएचसी सहावर में गंदगी पर भड़कीं डीएम

**कासगंज, अमृत विचार :** डीएम ने सहावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाएं और गंदगी देखकर डीएम नाराजगी जताई। लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे दो चिकित्सकों के वेतन रोकने के आदेश दिए। चिकित्सा अधीक्षक से व्यवस्था में सुधार लाने को कहा ।डीएम मेधा रूपम ने सोमवार को सहावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य और उपचार के बारे में जानकारी ली। इसके बाद चिकित्सकों और स्टाफ की जानकारी ली ।दो चिकित्सक लंबे समय से अनुपस्थित थे। डीएम ने दोनों चिकित्सकों का वेतन रोकने एवं उन पर उचित कार्रवाई के लिए लिखने को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी के ढेर देखकर नाराजगी प्रकट की। चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल के अलावा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्राह्मण एकता परिषद को मजबूत बनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद,की बैठक ब्लाक म्याऊं के ग्राम जमालपुर और मंसानगला में आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रातथा संचालन जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र मिश्रा ने किया।

प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा ने कहा कि सभी के हित तभी संभव हैं जब समाज में हम समानता, सद्भाव, प्रेम और आपसी सहयोग की भावना पैदा करें। जब हम ऐसी भावना जागृत करेंगे तो समाज से अत्याचार, अन्याय और शोषण समाप्त होगा, तभी सभी के हित संभव हैं सभी के हितों से समाज और देश खुशहाल हो सकता है। जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि समाज और सरकार दोनों ही मिल कर प्रयास करें तभी समाज से अत्याचार, अन्याय और शोषण को समाप्त किया जा सकता है। ब्लाक अध्यक्ष विवेक तिवारी ने कहा कि हम सभी को लोगों को संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए।

इस मौके पर अवनीश तिवारी, योगेश तिवारी, प्रशांत तिवारी, इंदु तिवारी, मिथिलेश तिवारी, शालू तिवारी, रिंकी दीक्षित, पूनम दुबे, मनोज दुबे, अशोक दीक्षित, विनय तिवारी, किशोर चन्द्र तिवारी, शिव ओम तिवारी व सचिन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत

**आगरा, अमृत विचार :** बटेश्वर मंदिर में जलाभिषेक कर लौट रहे दो कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। कावंडियों को किसी गाड़ी ने टक्कर मारी इस बात की जानकारी नहीं हो पाई है। मरने वाले चाचा-भतीजे हैं। बाह के हरदयालपुरा निवासी 20 वर्षीय राजेश अपने 13 वर्ष के भतीजे करन के साथ बटेश्वर में गंगाजल से अभिषेक करने के लिए गए थे। दोनों ही बाइक से घर आ रहे थे। बाह के नरहौली गांव के पास किसी वाहन ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई।से गुस्साए लोगों ने जाम लगाने का प्रयास किया लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# डीएम व एसएसपी ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एसएसपी श्याम नारायण सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ तहसील अलीगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुना। डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता दिखाएं। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह।

- शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही: डीएम

कुल 46 शिकायतीपत्र प्राप्त हुए जिसमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील एटा सदर में एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी ने एसडीएम भावना विमल, तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय, जलेसर में एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम राज कुमार मौर्य, तहसीलदार राकेश कुमार ने समस्याएं सुनीं। सीएमओ डा. यूके त्रिपाठी, सीडीओ डा. एके बाजपेयी, एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी, तहसीलदार सन्दीप सिंह, पीडी सुरेन्द्र कुमार गुप्त, डीडीओ प्रवीण कुमार राय, डीएओ मनवीर सिंह, डीएसओ कमलेश गुप्ता, बीडीओ अलीगंज गोपाल गोयल सहित अन्य अधिकारीगण, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## विदेश में नौकरी लगवाने के बहाने 85 हजार ठगे

**सीबीगंज (बरेली), अमृत विचार :** सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के बहाने युवक से 85 हजार रुपये ठग लिए गए। ठगों ने युवक के फर्जी कागजात तैयार कर उसके नाम से लोन पर बाइक भी ले ली। युवक की मां ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज के खलीलपुर निवासी पार्वती ने बताया कि वह एक एजेंसी पर काम करती हैं। इसी दौरान उनकी जान पहचान शेरगढ़ के सिमरावा निवासी इलियास से हुई। आरोप है कि इलियास ने उनसे कहा कि वह उसके बेटे रोहित की सऊदी अरब में नौकरी लगवा देगा। इसके लिए 85 हजार रुपए देने होंगे। उन्होंने झांसे में आकर 85 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद इलियास ने पासपोर्ट और वीजा बनवाने के लिए उससे कागजात मांगे।

कागजात देने के बाद भी बेटे की नौकरी नहीं लगी। करीब दो महीने बाद उन्हें पता चला कि उनके बेटे के नाम से इलियास ने फर्जी कागजात तैयार कर एक मोटरसाइकिल लोन कराकर ली है। जब उन्होंने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। उन्होंने थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# विदेश में दो करोड़ का ऑफर ठुकराया रक्षा मंत्रालय के लिए साफ्टवेयर बनाया

## स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर डिग्री लेकर सात साल अमेरिका में किया काम

**सुरेश पांडेय, बरेली**

- बरेली से फेसबुक के सर्वर की प्रॉपर हीटिंग का संचालन भी अद्वैत गुप्ता के हाथ

**अमृत विचार :** अगर जुनून है तो कोई भी मुकाम पाया जा सकता है। अद्वैत गुप्ता ने मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है। उन्होंने विदेश में दो करोड़ रुपये का ऑफर ठुकराकर देश के युवाओं को रोजगार देने की ठानी। शहर में उन्होंने स्टार्टअप शुरू किया। उनका तैयार किया गया साफ्टवेयर आज रक्षा मंत्रालय इस्तेमाल कर रहा है। वह यहीं से फेसबुक सर्वर की हीटिंग की मॉनिटरिंग भी करते हैं।

शहर के मोहल्ला बिहारमान नगला निवासी अद्वैत गुप्ता ने कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की मास्टर डिग्री ली। उन्होंने 2013 से 2020 तक विदेश में विभिन्न कंपनियों में काम किया। इस बीच उन्हें स्विटजरलैंड की एक कंपनी ने दो करोड़ रुपये का पैकेज आफर किया, लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया और बरेली लौट आए। विदेश में जो पैसा कमाया, उसी से यहां काम शुरू किया। उन्होंने सामान्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बेहतर परिणाम देने वाला एप तैयार किया। वह बताते हैं कि कोई भी इंजीनियरिंग करिए, लेकिन साफ्टवेयर डेवलपमेंट आना चाहिए। इंजीनियरिंग की पढ़ाई में भी फिजिक्स और मैथ का प्रयोग ज्यादा होता है। उनके साथ मैकेनिकल, एयरोस्पेस, केमिकल इंजीनियरिंग के लोग हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली और गुवाहाटी के युवा इंजीनियर उनसे जुड़े हैं। उनकी कंपनी से जुड़े एनआईटी पासआउट युवा विदेशी कंपनी के लिए काम कर रहे हैं। अद्वैत घर से ही कंपनी चला रहे हैं।


स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर से डिग्री लेते अद्वैत गुप्ता।

### अमेजन-फ्लिपकार्ट नौकरी दे सकता है तो मैं क्यों नहीं

अद्वैत कहते हैं कि अमेजन और फ्लिपकार्ट रोजगार दे सकता है तो मैं क्यों नहीं। मन में यह विचार ऐसा कौंधा कि स्विटजरलैंड में करोड़ों रुपये का आफर ठुकरा कर बरेली लौट आए। यहीं काम शुरू कर दिया। आज वह तमाम युवाओं को रोजगार दे रहे हैं।

### ए एम प्रवाह नाम का साफ्टवेयर विकसित किया

अद्वैत ने एएम प्रवाह नाम का साफ्टवेयर विकसित किया है, जिसे रक्षा मंत्रालय ने पसंद किया और उनका साफ्टवेयर वहां चल रहा है। उनका कहना है कि यह साफ्टवेयर चिकित्सा क्षेत्र के लिए भी कारगर साबित हो सकता है। इसमें थ्री डी प्रिंटिंग के प्रयोग से व्यक्ति के हार्टअटैक की संभावना को बताया जा सकता है। अद्वैत बताते हैं कि व्यक्ति की जांच रिपोर्ट को इस साफ्टवेयर में डालने के बाद डॉक्टरों को पता चल जाएगा कि उन्हें ऑपरेशन करना होगा या दवा से काम चल जाएगा। अभी बड़े संस्थानों से इसके लिए वार्ता चल रही है। उनका दावा है कि एएम प्रवाह विश्व का पहला थ्री डी प्रिंटिंग सिमलेशन साफ्टवेयर है। यह पूरी तरह पांडव एप्लीकेशन से संचालित है। पांडव एप्लीकेशन अद्वैत की मूल कंपनी है।

### छात्रों के लिए बनाया क्वांट परकार साफ्टवेयर

अद्वैत ने विश्व के सभी छात्रों, एकेडमी, प्रोफेशनल, इंडस्ट्री के लिए क्वांट परकार साफ्टवेयर बनाया है। इसे डाउनलोड करके छात्र लाभ ले सकते हैं। उनका दावा है कि यह सामान्य एआई से बेहतर रिजल्ट दे सकता है।

### फेसबुक सर्वर की निगरानी भी कर रहे

अद्वैत ने बताया कि अमेरिका में फेसबुक का डेटा सेंटर बना है। दो मंजिला इस सेंटर में केवल मशीनें ही लगी हैं। मशीनों से समुचित हीटिंग और कूलिंग हो, इसके लिए बरेली से वह निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैनो बबल तकनीक पर भी काम हो रहा है। दिल्ली में एलएंडटी कंपनी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बना रही है। इसमें ओजोन में कितनी मात्रा और कितनी साइज में बबल छोड़े जाएंगे, इसकी माडलिंग यहां से की जा रही है।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास जुर्माना भी लगा

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** पांच वर्ष पहले लेनदेन के विवाद में गोली मारकर हत्या व जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास और 32500 रुपये का अर्थदंड़ की सजा सुनाई तो वादी की आंखों से आंसू आ गए। वह कोर्ट में बोला कि आज न्याय की जीत हुई है। वह उसने पांच वर्ष तक हर दिन लड़ाई लड़ी है। भाई की हत्या के बाद से उसे हर पल यह सुझाता था कि कब उनके हत्यारों को सजा दिला पाएगा।

गौरतलब है कि दो जून 2019 को सुदामा नगर निवासी मुकेश कुमार ने अपने पड़ोसी सोनवीर से उधारी के का तगादा किया था। इस पर सोनवीर और उसके परिजनों ने उसके और उसके भाई महेश के घर में घुसकर गोली मार दी थी। दोनों भाइयों के सिर में गोली लगी थी। महेश की मौत हो गई और वह बच गए।

पुलिस ने आरोपी पक्ष को जेल भेज दिया था। तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए गए थे। पांच साल की लंबी लड़ाई के बाद कोर्ट ने एडीजे व अपर विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) राजीव सिंह की अदालत ने सोमवार को सजा सुनाई।

## दो सप्ताह बाद पटरी पर लौटीं त्रिवेणी समेत 20 ट्रेनें

**बरेली कार्यालय**

- पूर्णागिरी जनशताब्दी अपने निर्धारित मार्ग से चलाई गई
- शाही में बाढ़ से पुल ढहने के कारण निरस्त था संचालन



**अमृत विचार :** पीलीभीत-शाही रेल खंड को रविवार रात पूरी तरह से फिट घोषित होने के बाद सोमवार से ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। करीब दो सप्ताह बाद त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 20 ट्रेनें ट्रैक पर लौटीं।वहीं पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को अपने निर्धारित मार्ग टनकपुर तक चलाया गया।

इज्जतनगर रेल मंडल के पीलीभीत-शाही खंड पर बारिश और बाढ़ के पानी से रेल यातायात बाधित हो गया था। ट्रैक बहाल होने के बाद सोमवार को 05321/05322 बरेली सिटी-टनकपुर-बरेली सिटी पैसेंजर, 05311/05312 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05329/05330 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05339/05340 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05386 पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन-टनकपुर स्पेशल ट्रेन, 05097 टनकपुर-दौराई स्पेशल ट्रेन, 05341/05342 पीलीभीत-टनकपुर-पीलीभीत पैसेंजर, 15019 देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस, 15074/15076 टनकपुर-सिंगरौली/शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस का संचालन बहाल कर दिया गया, जबकि 12035 टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12036 दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस अपने निर्धारित रास्तों से चलाईं गईं।

### आज से इन ट्रेनों का संचालन होगा बहाल

रेल प्रशासन ने मंगलवार से भी कई ट्रेनों का संचालन बहाल होने की जानकारी दी है। जिसमें दौराई से सोमवार को चलने वाली 05098 दौराई-टनकपुर विशेष स्पेशल ट्रेन और 15073/15075 सिंगरौली/शक्तिनगर-टनकपुर-सिंगरौली/शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस मंगलवार से अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से चलाई जाएगी। वहीं ट्रेनें निरस्त होने से रेल प्रशासन को काफी घाटा भी हुआ है। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसका आकलन किया जा रहा है।

## बरेली-दिल्ली पैसेंजर में आग की अफवाह से दहशत

**बरेली कार्यालय**

- किसी यात्री से गलती से दब गया था अग्निशमन यंत्र का वाल्व
- अग्निशमन यंत्र से निकला ड्राई केमिकल पाउडर मगर समझा धुआं

**अमृत विचार :** बरेली-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन में रविवार देर रात आग लगने की अफवाह से दहशत फैल गई। ट्रेन के जनरल कोच से धुआं निकलना समझकर लोग ट्रेन से उतरने लगे। रेलवे ने आग की घटना से इन्कार किया। रेल अधिकारियों के मुताबिक किसी यात्री से गलती से अग्निशमन यंत्र दब गया था। जिससे निकले ड्राई केमिकल पाउडर को लोगों ने धुआं समझ लिया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है।

बरेली जंक्शन से शाम 04303 बरेली-दिल्ली पैसेंजर रवाना हुई थी। ट्रेन देर रात करीब 9 बजे चंदौसी-मुरादाबाद रेल सेक्शन के गुमथल स्टेशन पहुंची थी कि तभी ट्रेन के एक जनरल कोच से धुएं का गुबार निकलने लगा। इससे लोग घबरा गए और ट्रेन से कूदने लगे। वायरल वीडियो में बड़ी तादाद में सफेद धुआं दिख रहा है। इस दौरान यात्रियों के बीच आग का शोर मच गया। जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ का स्टाफ भी मौके पर पहुंचा। रेल अधिकारियों के मुताबिक कैरिज एंड वैगन स्टाफ ने चेक किया तो कोच के अंदर रखा अग्निशमन यंत्र पूरा खाली हो चुका था, जिससे माना गया कि किसी यात्री से गलती से अग्निशमन यंत्र का वाल्व दब गया और उसमें से ड्राई केमिकल निकला। इस बीच करीब 1 घंटा तक ट्रेन रुकी रही। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक चंदौसी लोकेश कुमार ने बताया कि अग्निशमन यंत्र गलती से किसी यात्री से चल गया था। सकुशल ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

## पांच साल से फरार आरोपी के घर की कुर्की

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** सन 2019 में एनआरसी के विरोध में हुए बवाल के मुकदमे फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की हुई। कुर्की से पूर्व पुलिस ने कोर्ट के नोटिस को भी उसके घर पर चस्पा किया था लेकिन आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया। गौरतलब है कि कटरा पठानान निवासी रफीक ने बवाल के दौरान तोड़फोड़ और आगजनी की थी।

उसकी वीडियो में पुष्टि हुई थी। पुलिस ने उसकी तलाश में दबिश भी दी लेकिन वह तभी से फरार हो गया था। पुलिस ने उसके नाते रिश्तेदारों से उसे हाजिर कराने को कहा लेकिन वह तभी से फरार हो गया था। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर उसके घर की कुर्की की। पुलिस ने उसके घर से कूलर, पंखा, बर्तन, अटैची, बेड, लोहे के गेट, दरवाजे, कपड़े अन्य घरेलू सामान सहित चल संपत्ति को कुर्क कर थाना में दाखिल कराया गया है।

## हादसों में चार कांवड़ियों की मौत, 13 घायल

**संवाददाता, अमरोहा/गजरौला**

- मृतकों में तीन मुरादाबाद के रहने वाले हैं

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में जल चढ़ाने के लिए कांवड़ लेकर आ रहे चार कांवड़ियों की रविवार रात सड़क हादसों में मौत हो गई। 13 कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव लोदीपुर में नन्हे उर्फ करवेंद्र कौशिकका बेटा यक्ष कौशिक अपने दोस्त स्पर्श के साथ बृजघाट से जल लेकर लौट रहे थे। वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के सामने उनकी बाइक की दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर जिला मुरादाबाद में भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव आबाकपुर के रहने वाले अमित पुत्र विनीत अपने साथी लवकुश के साथ बृजघाट से गंगाजल लेने जा रहे थे। हादसे में यक्ष कौशिक (20) और अमित की मौके पर मौत हो गई, जबकि स्पर्श और लवकुश घायल हो गए।

उधर, जिला मुरादाबाद में नागफनी थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी रितिक व उसका साथी सोनू बाइक से बृजघाट गंगाजल लेने जा रहे थे। रविवार रात 11 बजे रजबपुर थाना क्षेत्र में ही टोल टैक्स प्लाजा के पास कार से टक्कर हो गई। रितिक और सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। गजरौला क्षेत्र में हाईवे पर अलग-अलग जगहों पर कांवड़ियों की बाइकें आपस में टकरा गईं। इससे मुरादाबाद निवासी हरवीर, मोहित, दीपक, ओमवीर, विकास, रेखा, लखपत, निशू, अजय, अमन, अनमोल घायल हो गए।

## परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के आवेदन आज से

**बरेली कार्यालय**



- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त निर्धारित की अंतिम तिथि, 150 रुपये शुल्क निर्धारित

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 के परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी 23 जुलाई से 15 अगस्त तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए 150 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। अभी स्नातक में प्रवेश चल रहे हैं और द्वितीय चरण के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। कुलसचिव संजीव कुमार की ओर विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए हैं।

कुलसचिव के मुताबिक एमए, एमएससी, एमकॉम, बीलिब, एमलिब, एमएसडब्ल्यू, बीपीडी, पीजी डिप्लोमा, एलएलबी, एमड आदि पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश होंगे। इसके लिए महाविद्यालयों को दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। प्रवेश प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्र को उसकी अर्हता के दृष्टिगत किसी भी दो पाठ्यक्रमों को एक साथ करने की अनुमति प्रदान की जाएगी, जिसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत छात्र के रूप में और दूसरा व्यक्तिगत या ऑनलाइन मोड या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेगें। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन के दौरान अधिकतम 10 महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं लेकिन सिर्फ एक ही महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश महाविद्यालयों को स्वयं करने होंगे। महाविद्यालयों को आवेदन पत्रों की जांच करने के बाद मेरिट सूची जारी करनी होगी और प्रवेश के बाद सीट लॉक करनी होगी।

### बीए की 267 और बीएससी जीव विज्ञान की 155 सीटें

बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की तीसरी मेरिट के छात्रों के सोमवार दोपहर तक प्रवेश हुए। अब बीए की 267 और जीव विज्ञान की 155 सीटें रिक्त रह गई हैं। अब रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए मंगलवार को चौथी मेरिट जारी की जाएगी। इसके बाद द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों के भी प्रवेश शुरू होंगे।

### बरेली कॉलेज में 25 से होंगे पंजीकरण

बरेली कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रमों में पंजीकरण 25 जुलाई से होंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्रों को कॉलेज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## आगरा में छापे जा रहे थे नकली नोट पुलिस ने पकड़ा

**आगरा, अमृत विचार:** थाना डौकी क्षेत्र में युवक नकली नोट छाप रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक के पास से प्रिंटर और स्याही की बोतल बरामद की है।

डौकी थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रामनिवास नाम का युवक नकली नोट छाप रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। युवक के पास से नकली नोट छापने का सामान बरामद हुआ है जिसमें कागज, प्रिंटर और स्याही है।

पुलिस के आला अधिकारी युवक से पूछताछ कर रहे हैं फिलहाल अभी इस बात की जानकारी नहीं हो पाई है कि युवक ने अब तक कितने नोट छापे और बाजार में चलाए हैं उसके साथ कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## मन का वृंदावन हो जाना कितना अच्छा है

**मुरादाबाद कार्यालय**

- स्व. माहेश्वर तिवारी के गजल-संग्रह ''धूप पर कुहरा बुना है'' का हुआ लोकार्पण

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था हरसिंगार की ओर से सोमवार को कांठ रोड स्थित गौर ग्रेसियस कॉलोनी के हरसिंगार भवन में कीर्तिशेष नवगीतकार माहेश्वर तिवारी की जन्म जयंती पर उनकी गजल संग्रह धूप पर कुहरा बुना है का लोकार्पण और सम्मान-समारोह आयोजित किया गया। इसमें नई दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष वशिष्ठ, भोपाल के नवगीतकार मनोज जैन मधुर और मुरादाबाद के वरिष्ठ शायर जमीर दरवेश को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, मानपत्र, श्रीफल और सम्मान राशि भेंट कर ''माहेश्वर तिवारी साहित्य सृजन सम्मान'' से सम्मानित किया गया।

कीर्तिशेष माहेश्वर तिवारी के गजल-संग्रह ''धूप पर कुहरा बुना है'' का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि डॉ. मक्खन मुरादाबादी ने की। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध शायर डॉ. मंसूर उस्मानी और विशिष्ट अतिथि प्रयागराज के वरिष्ठ नवगीतकार यश मालवीय, बेगूसराय से युवा नवगीतकार राहुल शिवाय और नोएडा की सुप्रसिद्ध कवयित्री भावना तिवारी उपस्थित रहीं। संचालन योगेन्द्र वर्मा व्योम ने किया।

कार्यक्रम में माहेश्वर तिवारी के कुछ गीतों की संगीतमय प्रस्तुति हुई- याद तुम्हारी जैसे कोई कंचन कलश भरे, मन का वृन्दावन हो जाना कितना अच्छा है, डबडबाई है नदी की आंख बादल आ गए हैं आदि की प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम संयोजक बाल सुंदरी तिवारी, आशा तिवारी और समीर तिवारी ने सभी का आभार जताया।

# सिपाहियों ने युवक को चौकी में नंगा करके पीटा, पैर भी दबवाए

**संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)**

**अमृत विचार :** पत्नी की शिकायत पर ढकिया चौकी में तैनात दो सिपाही युवक को उठा लाए। इसके बाद उसे खूब बेहोश होने तक पीटा। होश आने पर पुलिसकर्मियों ने उससे पैर दबवाए। इसका वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने आनन-फानन में दोनों सिपाहियों और चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है।

शनिवार को कोतवाली शाहबाद की ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव भंवरकी जदीद निवासी ऋषिपाल जाटव का अपनी पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी की शिकायत पर शनिवार की शाम करीब पांच बजे ढकिया चौकी में तैनात सिपाही जयदेव और अमित कुमार उसे घर से पकड़कर ले गए। चौकी में सिपाहियों ने ऋषिपाल की बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान वह बेहोश हो गया। होश में आने पर सिपाहियों ने उससे अपने पैर भी दबवाए। सुबह शरीर पर पिटाई के निशान का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। तमाम संगठन आक्रोशित होकर पीड़ित के साथ क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंच गए। उनकी क्षेत्राधिकारी से तीखी झड़प भी हुई। मामला बिगड़ता देख दोनों सिपाहियों पर केस दर्ज कर लिया। इसके साथ ही इंस्पेक्टर ने उनके निलंबन की संस्तुति कर दी है।

> चौकी प्रभारी ढकिया अशोक कुमार एवं मुकदमे में नामित सिपाही जयदेव और अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है।
> **– विद्यासागर मिश्र, पुलिस अधीक्षक**

- एसपी ने ढकिया चौकी इंचार्ज और दो सिपाहियों को किया निलंबित

### सिपाहियों ने पार की बर्बरता की हदें

आरोप है कि शनिवार की देर रात करीब एक बजे दोनों सिपाहियों ने शराब पी। इसके बाद उसकी उसकी जाति पूछी, फिर उसे नंगा करके डंडों से पिटाई की। सिपाहियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया।


खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


## मूर्तियां तोड़ने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार कर भेजे जेल

**बरेली कार्यालय**

- रविवार सुबह गोपेश्वरनाथ मंदिर में युवक ने तोड़ी थीं मूर्तियां

**अमृत विचार :** डेलापीर मंडी में गोपेश्वर नाथ मंदिर में रविवार को मूर्तियां तोड़ने और पुजारी और उनकी पत्नी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के खटीमा के इस्लाम नगर गौंटिया निवासी मोहम्मद अकरम उर्फ सोनू, इज्जतनगर के बिहारमान नगला निवासी शाहरुख, अरशद और बारादरी के जगतपुर निवासी सोनू के बहनोई मोहम्मद आजम के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर सुबह पुलिस, पीएसी और आरएएफ की टीम तैनात रही। लोगों ने पूजा और जलाभिषेक किया। गोपेश्वरनाथ मंदिर में रविवार सुबह 7:30 बजे मोहम्मद अकरम ने मूर्तियों को तोड़ दिया था। विरोध पर पुजारी राज किशोर और उनकी पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया था। मंडी के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने लोगों की मदद से पकड़कर उसे पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने अकरम के कब्जे से विदेशी मुद्रा, एक चाकू और एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है।


**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. क्यारा वि.क्षे. क्यारा में एक नीम का पेड़ आंधी में गिर गया था जिसको कटवा कर हटाने के लिए कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली के पत्रांक 86/22-1, बरेली दिनांक 8 जुलाई 2024 व कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक व.स./वृ.रो./3200-02/2024-25 दिनांक 18.7.24 द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। अतः उक्त के सन्दर्भ में पेड़ की नीलामी खुली बैठक में दिनांक 24.7.24 को ग्रामवासियों व ग्राम पंचायत की उपस्थिति में प्रातः 9:00 बजे से होगी इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक को सम्पर्क करें।

**विद्यालय प्रबन्ध समिति**
**ओमकार**
**अध्यक्ष**


# 10 उपद्रवियों के घरों पर चला बुलडोजर

**संवाददाता, बरेली/शाही**

- बवाल में पूर्व प्रधान के बेटे की मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन

**अमृत विचार :** थाना शाही क्षेत्र के गांव गौसगंज में शुक्रवार को बवाल में घायल पूर्व प्रधान के बेटे तेजपाल की रविवार रात मौत हो गई। वहीं प्रशासन की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में 10 आरोपियों के घरों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

गौसगंज में 16 जुलाई को ताजिया निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। एक पक्ष ने धर्म स्थल के पास ढोल बजाने को मना किया था। दूसरे पक्ष के अब्दुल ने 19 जुलाई को बैठक के बाद एक महिला पर लेजर लाइट मारी थी। इसका हीरा लाल, रुपचंद्र, लालता प्रसाद, रेवीराम, मनोहर लाल समेत अन्य ने विरोध किया था। इसके बाद अब्दुल के बुलाने पर 65 लोगों ने घर में घुसकर हमला बोल दिया था और महिलाओं से भी मारपीट की थी।

> प्रशासन की टीम ने सरकारी जमीन पर बने 10 घरों समेत 11 संपत्तियां चिह्नित की थीं। 10 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले अन्य लोगों की संपत्ति भी चिह्नित की जा रही है।
> –तृप्ति गुप्ता, उप जिलाधिकारी मीरगंज

> पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन की टीम ने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। विवेचना में जिस भी आरोपियों की मिलीभगत पाई जाएगी उनका भी नाम बढ़ाया जाएगा।
> **–मानुष पारीक**, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

### कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार पर अड़े रहे ग्रामिण

परिजन सोमवार को तेजपाल का शव परिजन अस्पताल से घर लेकर पहुंचे लेकिन लोगों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। जब प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई की तो शव का अंतिम संस्कार किया गया। गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने परिजनों को ढांढस बंधाया और दोषियों पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### इन 10 आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

बवाल में मास्टर माइंड बख्तावर अली, इशरत अली, रियासत अली, मकसूद, याशीन, युसुफ अली, इस्तियाक, मुकीम शाह, अशफाक और इस्तियाक के मकानों पर बुलडोजर चला। इसके अलावा एक धार्मिक स्थल सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया गया था, जिस पर कार्रवाई नहीं की गई।

## आइवीआरआई में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान में सोमवार को पशुधन उत्पादन और प्रबंधन अनुभाग के सहयोग से बकरी पालन से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन परियोजना के तहत संचालित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व झारखंड के 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण 26 जुलाई तक चलेगा। संयुक्त निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण में बकरी पालन में उद्यमिता की अपार संभावनाओं के बारे में बताया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कस्बापुर वि.खं. शेरगढ़, जनपद (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कस्बापुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है। ईट, बजरफुट, सीमेन्ट, बजरी, महीन रेता, ईट, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। उक्त सामग्री सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.07.2024 से दिनांक 25.07.2024 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित है, जो उसी दिन दिनांक 25.07.2024 को अपरान्ह 1 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। विवरण निम्न है :-

| क्र.सं | कार्य का माप | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | श्मशान भूमि पर अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य। | | 450000 |
| 2. | भानू प्रताप के घर से मन्दिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | 150 मीटर | 800000 |
| 3. | धर्मपाल के घर से मस्जिद तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 100 मीटर | 420000 |

**अरविन्द कुमार-ग्राम प्रधान** **राहुल राना-सचिव**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभि :॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है– धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

## संपादकीय

# वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

# शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरेसपोंडेंन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

## प्रसंगवश

# डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

# संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

## सोशल फोरम

# कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

**-फेसबुक वॉल से**

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं।

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

# वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्ध्रियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

# पुलिस कर्मियों ने घर में घुसकर की महिलाओं व बेटियों से अभद्रता

## डीजीपी कार्यालय पहुंचा शाहजहांपुर का पीड़ित परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिला मुख्यालयों में तैनात अधिकारियों ने नहीं की सुनवाई

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के सिंधौली थाने के पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामसभा बिजलीखेड़ा का एक परिवार डीजीपी मुख्यालय में अपनी फरियाद लेकर पहुंचा। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश के चक्कर में सिंधौली थाने के पुलिस कर्मियों ने न सिर्फ उनके परिवार की महिलाओं और नाबालिग बेटियों के साथ अभद्रता की, बल्कि एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की।

ग्रामसभा बिजलीखेड़ा निवासी शिवरतन मौर्य ने अपने परिवार के साथ पुलिस मुख्यालय पहुंचकर शीर्ष अधिकारियों से आपबीती बताई। उन्होंने बताया गांव के वीरेंद्र सिंह यादव से उसके बीच चुनावी रंजिश है। वीरेद्र ने प्रार्थी के ग्राम के हरिसरन पुत्र जब्बादास को उकसाकर उसे प्रलोभन देकर उससे प्रार्थी के विरुद्ध थाना सिधौली में झूठा मुकदमा दर्ज कराया। 17 जून को सुबह आठ बजे थाने के उपनिरीक्षक गौरव कुमार, सिपाही अभिषेक यादव व योगेंद्र सिंह प्रार्थी के दरवाजे पर पहुंचे और जबरदस्ती घर में घुसने लगे। महिलाओं ने पुलिस वालों को रोकने का प्रयास किया तो तीनों पुलिस वालों ने प्रार्थी के घर की महिलाओं से अभद्र व्यवहार कर गालियां देना शुरू कर दिया तथा उनके साथ मारपीट भी की। गांव के आदेश कुमार ने पुलिस कर्मियों की इस करतूत का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। गांव के ही ओंकार ने घटना की सूचना अपने मोबइल से जिलाधिकारी को दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उधर, उच्चाधिकारियों को सूचना देने से नाराज तीनों पुलिस कर्मियों ने थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलाकर खूब तांडव किया। महिलाओं द्वारा घर के दरवाजा अंदर से बंद करने पर पुलिस पड़ोसी के छत से होते हुए घर में घुसकर लड़कियों व महिलाओं से अभद्रता की। इसके बाद वह परिवार के सभी सदस्य को पकड़कर थाने ले गए और एफआईआर दर्जकर लॉकअप में डाल दिया। उन्होंने बताया लगातार पुलिस प्रताड़ित कर रही है। जिला मुख्यालय से न्याय नहीं मिल रहा है। इसलिए यहां तक न्याय मांगने आया हूं।

## रील बनाते समय लगा एयर गन का छर्रा, युवक की मौत

**औरैया, अमृत विचार:** कोतवाली बिधूना के मोहल्ला कुरपुरा निवासी युवक की एयर गन का छर्रा लगने से सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई। कुरपुरा निवासी गजेन्द्र शाक्य (30) पुत्र बालकराम शाक्य अपने चचेरे भाई आकाश पुत्र बसंतलाल के दोस्त गौरव जाटव निवासी सराय प्रथम बिधूना तथा नीशू निवासी मोहल्ला आदर्श नगर बिधूना इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए एयर गन मांगकर शूटिंग के लिए लाए थे।

शूटिंग सोमवार को तहसील बिधूना के पीछे स्थित मैदान में होनी थी। गजेंद्र शाक्य घर के बाहर नल से नहा रहा था। उसी दौरान चचेरे भाई ने गन से एक्शन लिया ही था तभी एयर गन से छर्रा निकलकर गजेन्द्र की गर्दन पर जा लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन गजेन्द्र को सीएचसी बिधूना ले गए। जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सुसाइड नोट लिखा और फांसी पर लटक गई बीएससी की छात्रा

संवाददाता, हरदोई

- छेड़खानी करने वाले शोहदे रोज़-रोज देते थे मार डालने की धमकी

**अमृत विचार :** बीएससी की पढ़ाई कर रही छात्रा ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। छात्रा के पास मिले सुसाइड नोट में उसने मौत के ज़िम्मेदारों के नाम लिखते हुए उनकी हरकतों का ज़िक्र किया है। सबसे आखिर में उसने लिखा है कि ...मरना बेकार मत जाने देना। मामला बेहटा गोकुल थाने के उमरन मजरा अल्लीपुर का है। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया है कि सुसाइड नोट जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के उमरन मजरा अल्लीपुर निवासी रामलखन मिश्रा की 18 वर्षीय पुत्री रिषू मिश्रा डा.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर में बीएससी (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा थी। बताते हैं कि सोमवार को उसे कालेज जाना था। सुबह वह पिता को चाय देने के लिए दूसरे मकान की तरफ जा रही थी,उसी बीच वहां रास्ते में खड़े शोहदों ने रोज की तरह फिर उससे छेड़छाड़ की। रिषू चाय देने के बाद कमरें के अद्रर गई और वहीं दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके पास सुसाइड नोट मिला है,जिसमें उसने लिखा है कि 'उसकी मौत के ज़िम्मेदार है रामदेव,उनके लड़के अभिषेक,शिवम,नीलेश, उनकी पत्नी रीता'। उसने आगे अपनी मजबूरी लिखी कि छेड़छाड़ करने वाले उसे कट्टा दिखाते है, वह हार गई, इस वजह से जान दे रही है। रामलखन मिश्रा ने बताया कि रामदेवी, गुलशन, शुभम, नीलेश और रामदेवी का सारा राजीव निवासी भैनामऊ उसकी पुत्री से रोज़-रोज़ छेड़छाड़ किया करते थे,इतना ही उसके आगे कमरें तक उतार देते थे। उसने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## सार-संक्षेप

### संविधान हत्या दिवस अधिसूचना की वैधता को चुनौती वाली याचिका पर सरकार से जवाब-तलब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने वाली अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जानकारी मांगी है। याचिका में कोर्ट को बताया गया है कि इस प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार सरकार को नहीं है। अत : यह संवैधानिक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। सरकार की ऐसी उद्घोषणा को संविधान की अवमानना बताते हुए असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। झांसी के संतोष कुमार दोहरे की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सरकार से इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर जानकारी मांगी और मामले को आगामी 31 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। 11 जुलाई 2024 को गृह मंत्रालय ने आपातकाल लागू होने के कारण 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मानने की अधिसूचना जारी की, जिसे हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान जनहित याचिका में चुनौती दी गई।

### जाट रेजिमेंट ,बरेली में खेल कोटे की भर्ती 29 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट में खेल कोटे की भर्ती 29 जुलाई से बरेली में होगी। 31 जुलाई तक होने वाली भर्ती में कुश्ती के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थी की आयु सीमा 8 से 14 वर्ष और शैक्षिक योग्यता 5वीं पास तय की गई है। वजन (29 से 47 किलो) और ऊंचाई (134 से 160 सेमी) होनी चाहिए। अभ्यर्थी को 29 जुलाई को सुबह 07 बजे तक अपने अभिभावक के साथ जन्म, शैक्षिक योग्यता, जाति, निवास और कुश्ती में उपलब्धि के प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। भर्ती में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को 17 वर्ष की आयु तक मुफ्त भोजन, आवास, 10वीं तक पढ़ाई, बीमा, चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। उसके बाद योग्य अभ्यर्थी को सेना में भर्ती का मौका दिया जाएगा।

### जेल में मौत पर आयोग ने दिया मुआवजा देने का आदेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** जेल में विचाराधीन बंदी की मृत्यु पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आदेश मिलते ही प्रदेश की राज्यपाल ने मुआवजे की संस्तुति कर दी है। एक प्रकरण बाराबंकी का है तो दूसरा प्रकरण बागपत का है। बाराबंकी में विचाराधीन बंदी रामधन उर्फ हंटरी की जेल में 21 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। इस दौरान इनके परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख किया। तमाम सुनवाई के बाद आयोग ने रामधन के परिजनों को साढ़े तीन लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश प्रदेश सरकार को दिया। उधर, बागपत में विचाराधीन बंदी शाकिर की मृत्यु 26 जनवरी 2019 को हो गई थी। शाकिर के प्रकरण पर भी लंबी सुनवाई के बाद आयोग ने दो लाख रुपये देने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद राज्यपाल की संस्तुति मिलते ही शासन के संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने महानिदेशक कारागार को पत्र लिखकर तत्काल परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

### नर्सिंग कॉलेजों में मानकों की होगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त नर्सिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नर्सिंग कॉलेजों पर शिकंजा कसता जा रहा है। कॉलेजों को बताना होगा कि उनके संस्थान में क्या मानक पूरे हो रहें हैं। नर्सिंग छात्र कहां पढ़ाई करेंगे और कहां इंटर्नशिप करेंगे। स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने आधा दर्जन बिंदुओं पर कॉलेजों से जानकारी मांगी है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ आलोक कुमार ने बताया कि मिशन निरामया के तहत नर्सिंग सेवाएं गुणवत्ता पूर्ण बनाई जा रही हैं। इस क्रम में ही कॉलेजों से प्रशिक्षण संबंधी संसाधन और क्लास रूम व प्रयोगशालाओं की जानकारी मांगी गई है। साथ ही, इंटर्नशिप और क्लिनिकल प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं व अन्य संबंधित जानकारी मांगी गई है।

## हर पात्र को मिलेगा पक्का मकान: योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पात्र को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा, जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए एस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरा कर शासन में उपलब्ध कराया जाय। एस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए।

## विधान सभा के लिए जल्द तय होगा नेता प्रतिपक्ष का नाम

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान परिषद में सपा नेता लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद अब विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष का नाम तय होगा। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, पर कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है। सपा प्रमुख के इस पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने की चर्चा चल रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव के नेता प्रतिपक्ष बनने से उनका नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना मुश्किल बताया जा रहा है।

## ट्रस्टों व मंदिरों की ऐन्युटी मामले में आयुक्त के हलफनामे पर कोर्ट ने जताया संतोष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन और आठ अन्य मंदिरों की पिछले 4 वर्षों से रोकी गई वार्षिकी (ऐन्युटी) के मामले में आयुक्त और सचिव, राजस्व बोर्ड, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से जानकारी तलब की थी, जिसके अनुपालन में 22 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे पर संतोष जताते हुए कोर्ट ने कहा कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ इस मामले में काफी तत्परता से कार्यवाही कर रहे हैं। अतः न्यायालय को उम्मीद है कि भविष्य



में वित्तीय वर्ष की शुरुआत में वार्षिकी सीधे ट्रस्टों के खाते में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर दी जाएगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। राज्य की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 978 ट्रस्टों की पहचान की गई है, जिन्हें वार्षिकी दी जानी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 209 ट्रस्टों को 1,29,82,763 रुपये की वार्षिकी का भुगतान नहीं किया गया है, जिसका भुगतान बहुत जल्द किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए देय कुल राशि 59,33,362 रुपए है। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को आगे बताया कि राज्य उन सभी मंदिरों/ ट्रस्टों तथा अन्य धार्मिक संस्थाओं के खाते में सीधे राशि हस्तांतरित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है, जिन्हें वार्षिकी का भुगतान किया जाना है। मौजूदा ट्रस्टों के बारे में 75 जिलों में से 73 जिलों द्वारा पहले ही जानकारी दी जा चुकी है। शेष जिलों में लखनऊ और झांसी द्वारा जानकारी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

## धर्म दर्शन

### सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए –वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

### चराचर जगत के स्वामी शिव

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव'



कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं,इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।

भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित,वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर(टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं,जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए,जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 10 .23 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20 .18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

**कर्क** – आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**सिंह** – आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** – आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।

**तुला** – आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृश्चिक** – आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।

**धनु** – आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मकर** – आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

**मीन** – आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

## वर्ग पहेली-139

**बाएं से दाएं**

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।



### वर्ग पहेली -138 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मँ | | 2 ख़ु | | 3 भा |
| 4 अं | ग | दे | श | | रि |
| | वा | | 5 मि | थ | क |
| | ना | | ज़ा | | |
| 6 ख़ो | | 7 व | ज | ह | |
| जा | | द | | | |
| | 8 ध | न | दि | शा | |

## सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 8 | | | | | 2 |
| | 4 | | | | 3 | | 9 | |
| 9 | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | 7 | 2 | |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | 1 |
| | 2 | 8 | | | | 6 | | |
| 6 | | | 9 | 5 | | | | 7 |
| | 7 | | 2 | | | | 6 | |
| 2 | | | | | 1 | | 3 | 8 |

### सुडोकू -51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
फर्ज
सुबह : 09 .55
गंगा तेरे देश में
रात : 07 .00

&pictures
बागी
सुबह : 10 .46
हमारी अधूरी कहानी
रात : 08 .00

SONY PIX
मॉन्स्टर हंटर
सुबह : 11 .38
द डार्क नाइट
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
ड्रीम गर्ल
दोपहर : 12 .18
डी ब्लॉक
रात : 08 .00

colors CINEPLEX
चिराग
सुबह : 11 .19
गब्बर इज बैक
शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीबी को तमिल सीखनी है।
दूसरा दोस्त - पर तुम दोनों को आखिर तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन- तुलसी 2075, राज श्री 14390, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900। चावल- (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1, 5किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800। दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17000 चीनी -डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड ( पक्के जेवर) | 72850 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर) | 71850 |
| सिल्वर ( पक्की) | 900 (अनुमानित) |

# निवेशकों की अधिक रिटर्न की उम्मीद चिंता की बात

## संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है।



- इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

### दोनों सदनों में बजट पर होगी 20 घंटे चर्चा

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में आम बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना है, वहीं निचले सदन में रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयों पर अलग से बहस होने की उम्मीद है। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति ने सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया। समिति में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

### दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

### फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

### आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान ।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

## आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

- खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

### मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

## मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

### महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बस मेट्रो खंभे से टकराई महिला की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

### ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**मुंबई।** मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### 3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

## मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

### जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

- एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।



राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।

## सिद्धरमैया को फंसाने के आरोप में ईडी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में 187 करोड़ के कथित घोटाले में सोमवार को उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब राज्य सरकार के अधिकारी पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और वित्त विभाग को फंसाने के लिए दबाव डालने के आरोप में ईडी के दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक कल्लेश बी. की शिकायत पर विल्सन गार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी के अलावा, सीबीआई भी मामले की जांच कर रही है, जिसमें हैदराबाद के कंपनियों को 88 करोड़ का अवैध हस्तांतरण भी शामिल है।

## बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी



- कर्ज और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग जरूरत: रमेश

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है। रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

## खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

## नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

कोलकाता, एजेंसी

- यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

## संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।



- आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

### प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

## कंगना मानहानि मामले में 9 सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुंबई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

## ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।

# ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे श्रीजेश



ओलंपिक 3 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

- हॉकी इंडिया ने दी लंबे सफर और देश की सेवाओं के लिए बधाई
- 328 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए विन इट फॉर श्रीजेश का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी।

## ओलंपिक ऑर्डर से होंगे सम्मानित अभिनव बिंद्रा



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित करेगी। पुरस्कार समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सत्र के दौरान आयोजित होगा। आईओसी अध्यक्ष ने 20 जुलाई को बिंद्रा को भेजे पत्र में लिखा मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित करने का फैसला किया है। ओलंपिक ऑर्डर आईओसी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए मिलते हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित होने पर बिंद्रा को बधाई दी। 41 साल के हो चुके बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था।

## पेरिस ओलंपिक में तोक्यो जैसी गलती नहीं दोहराऊंगी : मनिका

नई दिल्ली, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा।

बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से कहा पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। मैं उस मुकाम पर पहुंचने की कोशिश कर रही हूं जहां मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। मैं मैच दर मैच आगे बढ़ूंगी और शुरू में ही पदक के बारे में नहीं सोचूंगी।



### तीरंदाजी, टेटे और हॉकी टीम सहित 49 एथलीट पहुंचें खेल गांव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के लिए तीरंदाजी, टेबल टेनिस (टेटे) और हॉकी टीमों सहित कुल 49 खिलाड़ी खेल गांव में पहुंच चुके हैं। आठ सदस्यीय टेबल टेनिस टीम और 19 सदस्यीय हॉकी टीम सहित 39 खिलाड़ी पहुंचे तो वहीं ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले 21 में से 10 निशानेबाज चेटेउरौक्स पहुंच चुके हैं। तीरंदाजी टीम के सभी छह सदस्य, दो टेनिस खिलाड़ी, एक बैडमिंटन, एक नौकायन खिलाड़ी और दो तैराक भी पेरिस पहुंच चुके हैं।

### व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से सोमवार को उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम को दिल्ली में आयोजित 'इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग-5' प्रतियोगिता जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम जून में हुई प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बनी है। गुरमीत ने कहा कि उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा, बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह लोगों के लिए उदाहरण है। दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सहयोग आवश्यक है। उनके सहयोग के लिए औद्योगिक संस्थानों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट करने पहुंचीं इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की नव नियुक्त चेयरपर्सन सुनयना व पति अमित प्रकाश के साथ पीटी उषा।

### सुनयना बनीं ओलंपिक्स लीगल समिति की चेयरपर्सन

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पुराने जिलों में शुमार बरेली की बेटियों ने हमेश ही अपने शहर का मान बढ़ाया है। खेल के क्षेत्र में भी बरेली की बेटियां पीछे नहीं हैं। मैदान से लेकर खेल समिति के बड़े पदों पर उन्होंने जगह बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की बेटी सुनयना प्रकाश को इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मुजफ्फरनगर में रहने वाली सुनयना के पति अमित प्रकाश एक उद्योगपति हैं जो बॉयो वेस्ट व एग्रीकल्चरल वेस्ट से सीएनजी बनाने का उद्यम करते हैं। सुनयना ने सोमवार को ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ पहुंचकर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। राष्ट्रपति ने सुनयना को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति अपने स्वर्गीय पति को याद करते हुए कहा वो ओलंपिक्स और अन्य खेलों के प्रसारण को बहुत शौक से देखते थे। बता दें कि ओलंपिक्स 2024 का आगज 26 जुलाई से पेरिस में होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पदक लाने की उम्मीद जताई।

### टी-20 विश्व कप की समीक्षा के लिए समिति गठित

कोलंबो। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी के अनुसार आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

# कार्यभार के बहाने मनमर्जी नहीं कर पाएंगे खिलाड़ी

## श्रीलंका दौरे से पहले मुख्य कोच गंभीर और अगरकर बोले- अगर खिलाड़ी फॉर्म में है तो खेलना चाहिए, 27 से शुरू होगी श्रृंखला

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारत में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि यह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नहीं बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनके लिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे।



श्रीलंका दौरे से पहले पत्रकारों से बात करते गौतम गंभीर व अजीत अगरकर।

गंभीर से जब कार्यभार प्रबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैंने पहले भी कहा है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के लिए कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। अगर आप बल्लेबाज हैं और अच्छी फॉर्म में हैं तो आपको सभी मैच खेलने चाहिए। माना जा रहा था कि वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा तथा टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है की टीम प्रबंधन इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है। गंभीर ने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली अब केवल दो प्रारूप में खेलेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह अधिक से अधिक मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह से चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान नहीं नियुक्त किए जाने का कारण स्पष्ट किया। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेलने की अधिक संभावना रखता हो। किसी सवाल का आपको इससे अधिक स्पष्ट जवाब नहीं मिल सकता। यही नहीं अब कप्तान के चयन में नेतृत्वकौशल ही नहीं साथी खिलाड़ियों की राय भी मायने रखेगी। अगरकर ने कहा सूर्य को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो पिछले एक साल से अधिक समय से भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा है। आपको ड्रेसिंग रूम से काफी फीडबैक मिलता है।

### लंबी चर्चा और फिटनेस को देखते हुए सूर्या को बनाया टी-20 का कप्तान : अगरकर

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को फिटनेस मापदंड और लंबे समय तक चली चर्चा के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाने का फैसला किया। श्रीलंका में सीमित ओवर श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने कहा किसी को कप्तान बनाने का फैसला आप रातों-रात नहीं ले सकते। हमने इस पर काफी विचार विमर्श किया और ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया कि एक कप्तान के रूप में हम क्या-क्या गुण ढूंढ रहे हैं। हमारे लिए सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारा कप्तान ऐसा होना चाहिए जो कि कभी भी मैदान में उतरने के लिए तैयार रहता हो। यह हमारी पहली शर्त थी। सूर्यकुमार के साथ आप पहले से ही जानते हैं कि फिटनेस कभी भी उतना बड़ा मसला नहीं रहा है। अगरकर ने सवालिया लहजे में कहा अगर हार्दिक अचानक से चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास कप्तानी के लिए कोई विकल्प नहीं बचता। रोहित के रहने से चीजें आसान थीं और हमारे पास विकल्प थे। ऐसा पहले भी हुआ है, जब हार्दिक अचानक से चोटिल हो गए हों और हमारे पास कप्तानी का कोई विकल्प ना बचा हो। इसलिए हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते थे।



### कोहली से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

**मुंबई।** भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने कहा विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।

### फिट रहे तो 2027 का विश्वकप खेल सकते हैं रोहित-कोहली: गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर ने कहा कि फिटनेस बरकरार रहने पर रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ष 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। गंभीर ने मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दोनों में बहुत क्रिकेट शेष है। अभी चैंपियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दौरा होना है और ये दोनों निश्चित रूप से वहां प्रदर्शन करने को उत्साहित होंगे। अगर उनकी फिटनेस बरकरार रहती है तो वह 2027 एकदिवसीय विश्वकप का भी हिस्सा हो सकते हैं।




ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती चैंपियन उत्तर प्रदेश की टीम।

### उप्र सब जूनियर हॉकी टीम दूसरी बार बनी चैंपियन

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सब जूनियर पुरुष टीम ने झांसी में आयोजित द्वितीय हॉकी इंडिया उत्तर क्षेत्र सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 गोल किए।केतन कुशवाहा ने एक, शाहरुख अली ने 2 और प्रह्लाद राजभर ने 2 गोल कर टीम को जीत दिलाई। उत्तर प्रदेश की टीम को दूसरी बार उत्तर क्षेत्र की चैंपियन बनी। केतन कुशवाहा प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला। नॉर्थ जोन सब जूनियर महिला वर्ग का फाइनल उत्तर प्रदेश का मुकाबला हरियाणा से था जिसमें हरियाणा ने 5-2 से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश सब जूनियर महिला हॉकी टीम को रजत से संतोष करना पड़ा।

### ओलंपिक से चोट के चलते हटीं वोंड्रोसोवा

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक की टेनिस रजत पदक विजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा हाथ की चोट के कारण सोमवार को पेरिस खेलों से हट गईं।

चेक गणराज्य की 25 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल गैरवरीय रहते हुए विंबलडन चैंपियन बनीं थीं। वह 2019 में फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थी। वोंड्रोसोवा को इस साल विंबलडन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वोंड्रोसोवा ने ओलंपिक से हटने के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनका ध्यान अब यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है, जो अगस्त के अंत में शुरू होगा।

## इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

नॉटिंघम, एजेंसी



- रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत खेल इंग्लैंड विंडीज

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीता था। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई।

# श्रीलंका ने मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हराया, अट्टापटू ने जड़ा शतक

दांबुला, एजेंसी

कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को महिला एशिया कप के सातवें मुकाबले में मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हरा दिया है।

185 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम का कोई भी बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी। मलेशियाई की ओर एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। हालांकि इस दौरान आइना नजवा ने जाझारूपन दिखाया, लेकिन अन्य किसी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। आइना नजवा (9) रन बनाकर नाबाद रही। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा सका। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 40 रन पर समेट कर मुकाबला 144 रनों से जीत लिया।

**महिला एशिया कप**

### बांग्लादेश ने थाईलैंड को सात विकेट से हराया

**दांबुला।** राबेया खान 14 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदाबजी और उसके बाद मुर्शीदा खातून (50) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने सोमवार को महिला एशिया कप के आठवें मुकाबले में थाईलैंड को सात विकेट से हरा दिया। 97 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही, लेकिन बांग्लादेश ने 17 .3 ओवर में 100 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले थाईलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 96 रन का स्कोर खड़ा किया था।

### नेपाल को बड़े अंतर से हराकर भारत को मिलेगी सेमीफाइनल की टिकट

**दाम्बुला।** पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

### विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में हारीं भारतीय टीमें

**नई दिल्ली।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय लड़कों की टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित किया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन आगे के मुकाबले में हार गईं।

## बॉलीवुड हलचल



### सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम की 13वीं सालगिरह के खास मौके पर खास पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने साथ में कई सफल फिल्में दी हैं। दोनों इन दिनों बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोहित ने अपनी फिल्म सिंघम की 13वीं वर्षगांठ पर अपने और अजय देवगन के रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक खास वीडियो जारी किया है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया।वीडियो में लिखा गया है, आज हमने सिंघम के 13 साल पूरे कर लिए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर यह उनकी 13वीं फिल्म है, लेकिन यह सफर 90 के दशक में शुरू हुआ था, जब मैं उनके अंडर में काम कर रहा था। 33 साल बाद भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस दीवाली सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है सिंघम के 13 साल, भाईचारे के 33 साल <bha>@</bha>अजयदेवगन #सिंघमअगेन।

### जाह्नवी की फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ के ट्रेलर पर शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माताओं ने जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया पर फिल्माया गाना शौकन रिलीज कर दिया है। शौकन शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और निर्मित है और इसमें जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव की आवाज हैं। कुमार ने इस गाने के बोले लिखे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब पेज और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं हमेशा से नेहा के गानों की फैंस रही हूं, और शौकन में पहली बार उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट से हटकर है। यह गाना अविश्वसनीय रूप से उत्साहवर्धक है और आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है। मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने एक और बेहतरीन कृति बनाई है। नेहा कक्कड़ ने कहा, जुबिन के साथ शौकन गाना एक शानदार अनुभव था। इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई। शौकन सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है, यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस द्वारा इस गाने को सुनने और बीट्स पर थिरकने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

